


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 332 | ग्वालियर , 26 सितम्बर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### झारखंड हाईकोर्ट ने लेबर कोर्ट के निर्णय पर बर्खास्त किए गए सीसीएल के 44 कामगारों की नौकरी फिर से बहाल की




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की करगली और स्वांग कोल वाशरी में काम करने वाले 44 स्थायी कामगारों की वर्ष 2017 में बर्खास्तगी को रद्द करते हुए उन्हें फिर से नौकरी में बहाल करने का आदेश दिया है। इन कामगारों की बर्खास्तगी के सीसीएल मैनेजमेंट के फैसले पर धनबाद जिला लेबर कोर्ट ने भी मुहर लगाई थी। हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बर्खास्त किए गए इन मजदूरों की अपील याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा है कि लेबर कोर्ट द्वारा किसी कर्मी को बर्खास्त करने का आदेश देना उसके क्षेत्राधिकार में नहीं आता। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में टिप्पणी की है कि लेबर कोर्ट का काम श्रम विवादों का निपटारा करना है। वह खुद विवाद उत्पन्न करे, ऐसा नहीं होना चाहिए। सीसीएल की करगली और स्वांग कोल वाशरियों में वर्ष 1980 के आसपास से 300 से ज्यादा मजदूर कांट्रैक्ट यानी ठेका के आधार पर अस्थायी रूप से काम कर रहे थे। वर्ष 1990 में ठेका मजदूर यूनियन ने भारत सरकार के एक आदेश का हवाला देते हुए इन मजदूरों की सेवा स्थायी करने की मांग को लेकर धनबाद लेबर कोर्ट में मुकदमा किया था। इस पर सुनवाई करते हुए 1996 में कोर्ट ने इनकी सेवा स्थायी करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ सीसीएल प्रबंधन ने हाईकोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, लेकिन फैसला श्रमिकों के पक्ष में आया। इसके बाद वर्ष 2010 में इनमें से 134 मजदूरों को सीसीएल मैनेजमेंट ने स्वांग और करगली कोल वाशरी में स्थायी तौर पर नियुक्ति दी गई थी। लेकिन, इसके बाद वर्ष 2012 में सीसीएल ने इनके खिलाफ कुछ शिकायतों के आलोक में विभागीय कार्यवाही शुरू की। इस पर मजदूरों ने एक बार फिर धनबाद के लेबर कोर्ट की शरण ली। इस मामले में वर्ष 2017 में लेबर कोर्ट का आदेश आया, जिसमें इन मजदूरों को नौकरी से हटाने का आदेश दिया गया था। इसके बाद सीसीएल ने इन्हें बर्खास्त कर दिया था। बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ 44 मजदूरों ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने इन्हें फिर से बहाल करने का आदेश दिया है।

### चीन के निर्माण में दाशेरकंडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट



**बीजिंग।** दशेरकंडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बेल्ट एंड रोड पहल के ढांचे में चीन और बांग्लादेश के बीच मुख्य परियोजना है। इस साल जुलाई में एक भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। दाशेरकंडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बांग्लादेश में पहला आधुनिक सीवेज उपचार संयंत्र है और पूरे दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा है। आठ साल के बाद गंदे पानी साफ हो गया है और स्थानीय लोगों को इसका ठोस फायदा मिला है। अक्टूबर 2016 में चीन और बांग्लादेश के शीर्ष नेताओं के उपस्थिति में दाशेरकंडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का ऋष्ण समझौता संपन्न किया गया। अगस्त 2017 में चीन के ऋष्ण, चीन के डिज़ाइन, चीन के उपकरण और चीन के निर्माण में दशेरकंडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू हुआ। ढाका के शहरी जल आपूर्ति और सीवरेज प्रबंधन ब्यूरो के महाप्रबंधक तकसीम खान ने कहा कि यह चीन सरकार और चीनी आयात-निर्यात बैंक के समर्थन में बनाया गया सबसे अच्छा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट है, जो बांग्लादेश के लिए बहुत अहम है।

### कांग्रेस का रिमोट गरीबों और भाजपा का अडानी के लिए है : राहुल गांधी

**बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों के खातों में राशि डालने के लिए और भाजपा का रिमोट कंट्रोल अडानी के लिए चलता है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के परसदा (सकरी) में सांसद राहुल गांधी ने ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' एवं ''प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना'' के हितग्राहियों, ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के हितग्राहियों को राशि का वितरण करते हुए कहा कि दो तरह के रिमोट हैं, एक रिमोट सबके सामने है और गरीबों के खाते में राशि जा रही है, दूसरा रिमोट भाजपा का है जो छिप-छिप कर चलता है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि बिलासपुर पहुंचकर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिये इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ के गरीबों के बैंक अकाउंट में गये। एक-दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा रिमोट भाजपा का है, जिसके दबते ही एयरपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल, जंगल व जमीन अडानी को चले जाते हैं। रेलवे स्टेशन, पीएसयू का निजीकरण हो जाता है। भाजपा के इसी रिमोट कंट्रोल को लेकर संसद में आवाज उठाई तो मेरी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई।

# जयपुर में बोले पीएम मोदी गहलोत सरकार ने जनता के 5 साल बर्बाद किए



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान दौरे पर हैं. यहां पर उन्होंने रोड शो किया. इसके बाद जयपुर के बाहरी इलाके वाटिका के दादिया गांव में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया. जयपुर जिले के धानक्या गांव में रोड शो से पहले पीएम मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की. पीएम मोदी जयपुर के हवाईअड्डे पहुंचे, यहां से वह हेलीकॉप्टर से धानक्या गांव पहुंचे. उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए. पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जयपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर धानक्या गांव में अपने बचपन का समय बिताया था. इस जगह पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक का निर्माण करवाया गया है. पीएम मोदी ने इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक का निरीक्षण किया. सबसे पहले पीएम मोदी ने पंडाल में महिलाओं का स्वागत किया. महिला शक्ति वंदन विधेयक के लिए महिलाओं ने पीएम का आभार व्यक्त किया. रोड शो के दौरान जीप से पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं और महिलाओं का हाथ जोड़कर अभिवादन किया. पीएम मोदी ने कहा गहलोत सरकार ने जनता का 5 साल का अहम समय बर्बाद कर दिया है. अब भाजपा को आना तय है. राजस्थान में परिवर्तन जरूरी हो गया है. पीएम मोदी ने राजस्थान में परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के 'कुशासन से मुक्ति' का बिगुल बज चुका है. पांच वर्ष का इनका शासन जीरो नंबर का हकदार है. पीएम मोदी के अनुसार, गुलाबी नगरी में इस भव्य आदर-सत्कार को लेकर मैं राजस्थान की जनता का अभिवादन करता हूं. आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी है. ये हमारे श्रद्धेय भैरोसिंह शेखावत जी का भी शताब्दी वर्ष रहा है. हम लगातार उनकी प्रेरणा से आगे बढ़ रहे हैं.

## पीएम मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही (29-30 जून) मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह, कई मंत्री, कई विधायक और यूथ ऑफ मणिपुर के नेता राज्य की स्थिति से अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा कर चुके हैं या राष्ट्रीय राजधानी में अभियान चला चुके हैं, लेकिन मोदी ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रधानमंत्री के साथ बैठक करने को कहा ताकि राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिल सके। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल भी जाने के लिए तैयार है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा मणिपुर की क्षेत्रीय, राजनीतिक और वित्तीय अखंडता चाहती है। 3 मई को जातीय दंगा शुरू होने के बाद से कांग्रेस मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। यूथ्स ऑफ मणिपुर के बैनर तले हजारों युवाओं ने हाल ही में इंफाल में प्रदर्शन किया और उनके




प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे उन 10 आदिवासी विधायकों (जिनमें से सात भाजपा हैं) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो एक अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ बीजेपी के कई विधायक और कुछ मंत्री प्रधानमंत्री से मिलने और राज्य की स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली गए थे।

### चीन और नेपाल ने व्यापारिक सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की

**बीजिंग।** चीन-नेपाल व्यापार मंच रविवार को पेइचिंग में आयोजित किया गया। चीन और नेपाल के लगभग 200 व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच व्यावहारिक आर्थिक और व्यापार सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड ने इस मंच पर कहा कि हमें उम्मीद है कि चीनी निवेशक अपने व्यापार का विस्तार करने के लिए नेपाल के अद्वितीय अवसरों का पूरा उपयोग करेंगे और हम आपसी लाभ और समान जीत को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान और सहयोग को और मजबूत करने के लिए भी तत्पर हैं। प्रचंड ने 23 सितंबर को हांगचो में 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में यह मेरी चीन की तीसरी यात्रा है। जब भी मैं इस महान देश में आता हूं, मैं चीन में बदलावों से आश्चर्यचकित होता हूं। चाहे बुनियादी ढांचे का निर्माण हो या शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्र, चीन ने मानव इतिहास में महान उपलब्धियां हासिल की हैं और चमत्कार किए हैं।

### मल्लीताल के चार्टन लॉज इलाके में दो मंजिला मकान में गिरने के बाद जागा प्रशासन



**नैनीताल।** नैनीताल में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। नैनीताल के मल्लीताल में चार्टन लॉज इलाके में दो मंजिला मकान महज चंद मिनटों में ही भूस्खलन की चपेट में आकर भरभराकर गिर गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई थी। शनिवार की घटना के बाद जिला प्रशासन ने लोगों को घर खाली करने को कहा है। जिस जगह हादसा हुआ था, उसके आसपास के क्षेत्र में भूस्खलन के खतरे को देखते हुए 24 परिवारों ने अपने घरों को खाली कर दिया है। जिला प्रशासन और नैनीताल विकास प्राधिकरण ने चिन्हित मकान स्वामियों को नोटिस थमाकर तीन दिन के भीतर अपना पूरा सामान घरों से हटाने को कह दिया है। नोटिस मिलते ही चार्टन लॉज क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। शनिवार को मकान गिरने के बाद कई मकानों में दरार आ गई। तीन अन्य मकान भी मलबे की चपेट में आए थे। इतना ही नहीं क्षेत्र की संवेदनशील बिल्डिंगों पर अब लाल निशान लगाकर लोगों को वहां से अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट हो जाने के लिए कह दिया गया है। 3 दिन के भीतर सभी को घर खाली करने को कहा गया है। फिलहाल, 24 घरों पर निशान लगाकर प्रशासन ने उन्हें खाली करवा दिया है। प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों में गुस्सा दिखाई दिया। लोगों ने कहा कि उनको पहले सुविधा दी जाए। उसके बाद वहां से हटाया जाए। अचानक प्राधिकरण और प्रशासन की टीम ने उनके घरों को खाली करवा दिया है। ऐसे में वह अपना घर छोड़कर कहां जाएंगे। प्रशासन की ओर से कई परिवारों को होटल में रुकवाया गया है। जबकि, कुछ लोग अपने रिश्तेदारों के वहां शरण लिए हुए हैं।

## जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे : राहुल गांधी



**बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों के खातों में राशि डालने के लिए और भाजपा का रिमोट कंट्रोल उद्योगपतियों के लिए चलता है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के परसदा (सकरी) में राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के हितग्राहियों को राशि का वितरण करते हुए कहा कि दो तरह के रिमोट हैं, एक रिमोट सबके सामने है और गरीबों के खाते में राशि जा रही है, दूसरा रिमोट भाजपा का है जो छिपकर चलता है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि बिलासपुर पहुंचकर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिये इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक अकाउंट में गये। एक-दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा रिमोट भाजपा का है, जिसके दबते ही एयरपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल, जंगल और जमीन उद्योगपतियों को चले गए। भाजपा के इसी रिमोट कंट्रोल को लेकर संसद में आवाज उठाई तो मेरी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई। राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमने सारे वादे पूरे किए। किसान न्याय योजना में 21,000 करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिए। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें सात हजार रुपए दिए। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वन अधिकार दिए गए। 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा दी है, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। 1 लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। जातिगत जनगणना को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत (कास्ट सेंसस) जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं। आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी। राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश को 90 सचिव चला रहे हैं, यही लोग योजनाएं बनाते हैं, इनमें महज तीन ही ओबीसी वर्ग से हैं, इस तरह बजट का सिर्फ पांच प्रतिशत के नियंत्रण की जिम्मेदारी ओबीसी सचिवों के हाथ में होती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया।

## ब्रिटेन के अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत की जांच करेगा कोरोनर कार्यालय

**लंदन।** ब्रिटेन के एक अस्पताल से 30 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आ रहा है। यह घटना पिछले महीने की है। इस मामले में कोरोनर कार्यालय की जांच शुरू हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के पिता का कहना है कि अगर परिवार को दूसरी मेडिकल राय का अधिकार दिया जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। गार्जियन अखबार ने सोमवार को बताया कि 58 वर्षीय जय पटेल ने कहा कि जब उनका बेटा बलराम बीमार पड़ गया, तो उसे अनुपयुक्त उपचार दिया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने से इनकार कर दिया गया, जिसे ब्रिटेन में मार्था के नियम के रूप में जाना जाता है। नियम मरीजों और उनके परिवारों को उसी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने का कानूनी अधिकार देता है, यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और यदि मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। जय ने कहा कि बलराम के




फेफड़ों की हालत सही नहीं थी और 9 अगस्त को लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि कोरोनर कार्यालय उपचार में देखभाल और देरी के संबंध में एक जांच शुरू कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के अधिकारियों ने बलराम की मौत का कारण पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण) का उल्लेख तब किया, जब जय ने कोरोनर के कार्यालय में हस्तक्षेप किया।

यूके सरकार की वेबसाइट के अनुसार, कोरोनर का कार्यालय उन सभी मौतों की जांच करता है जहां मौत के कारण अज्ञात है। यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को दोषी ठहराते हुए, जय ने कहा कि बलराम कई विकलांगताओं से पीड़ित था और विकास में देरी हो रही थी। वह दर्द में बहुत अनुचित तरीके से अपने समय से पहले ही पीड़ित होकर मौत के मुंह में समा गया। जय ने गार्जियन को बताया, ÷मैं अपने बच्चे को खोने से बहुत दुखी हूं। मैं वह नहीं कर सका जो इसे बदलने के लिए आवश्यक था और मैंने हर चीज की कोशिश की। पटेल ने कहा कि उनका बेटा आधा काम कर रहे दिल के साथ पैदा हुआ था। अस्पताल में ओरलडाइयुरेटिक्स का इलाज किया गया था। लेकिन, वो काम नहीं कर रहा था। डॉक्टरों ने अंतःशिरा (आईवी) लेना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, कोविड के प्रकोप के कारण, जिला नर्सों को घर पर आईवी डाइयुरेटिक्स देने के लिए नहीं पाया जा सका। पटेल ने कहा कि वह एक बेरिएट्रिक सर्जन को ढूंढने में कामयाब रहे जो घर पर डाइयुरेटिक्स देने के लिए सहमत हो गए थे। लेकिन उससे कभी संपर्क नहीं किया गया।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- एक युद्ध नशे के विरूद्ध विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर ब्रिजेन्द्र यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सुन्द्रियाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सभ्य समाज के लिए अभिशाप के समान है। हमें युवा पी?ी को इससे सचेत रखना है, इसके बारे में आमजन को जागरूक करना है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस, आबकारी सहित अन्य विभाग के आपसी सहयोग से जिले भर में जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। इसके साथ ही जिला स्तर पर संचालित की जा रही मेडिकल दुकानों का भी समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। प्रतिबंधित दवाएं एवं ऐसी दवाएं जिन्हें नशे के रूप में उपयोग में लिया जाता है, पाए जाने पर





संबंधित मेडिकल के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाये। अभी 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक नशा मुक्ति सप्ताह के रूप में आयोजित किया जाए। इस सप्ताह के दौरान आमजन को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाए। जिससे वे इनके सेवन से बच सकें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं समस्त विद्यालयों के प्राचार्यों को भी निर्देश दिए कि विद्यालयों के 100 मीटर की दूरी पर इस प्रकार की गुमठी अथवा स्टॉल न लगाए जाए, यदि किसी के द्वारा लगाई गई है तो हटाने की कार्यवाही करें। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके संबंध में सभी शासकीय अथवा अशासकीय विद्यालयों में प्रहरी क्लब भी स्थापित किए जाए। इस क्लब में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों को सम्मिलित किया जाए, जो स्कूल स्तर पर नशीले उत्पादों के हानिकारक प्रभाव के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे एवं औचक चेकिंग के माध्यम से परिसर के आस पास अवैध गतिविधियों के संबंध में स्कूल प्रबंधन समिति अथवा प्राचार्य को सूचित करेंगे। शैक्षिक परिसर में सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग एवं उनका पुलिस, बाल कल्याण अधिकारी, प्राचार्य आदि के द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाए। इस मौके पर के विरूद्ध अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। जिसमें कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने अपने हस्ताक्षर कर नशा न करने एवं लोगों को जागरूक करने की शपथ ली।

## 2 घंटे की कड़ी मस्क़त के बाद बचा पाए गाड़ी मालिक की जान

### मालिक को दबा छोड़ भागा ड्रायवर पुलिस ने बचाया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी-जिले के अमोला क्रेशर चौकी के पास छान रोड पर पलटा ट्रक जो शिवपुरी की और जा रहा था ट्रक क्रमांक द्रश्न09॥॥4564 जो अनियंत्रित होकर पलट गया मालिक को नीचे दबा छोड़ भागा ड्रायवर गाड़ी मालिक नीचे दबे होने की सूचना चौकी प्रभारी जी को जैसे ही लगी अपने दल बल के साथ पहुंचे और बड़े परिश्रम से दो घण्टे बाद जीवित निकाल लिया पुलिस द्वारा परिवार जनों को सूचित करते जिला चिकित्सालय के लिए शिवपुरी के लिए भेज दिया इस सराहनीय कार्य में चौकी प्रभारी योगेन्द्र सिह सेंगर आरक्षक नागेंद्र सिंह जाट अर्जून रावत द्वारा गाड़ी के नीचे गड्ढा खोद कर नीचे घुस कर सकुशल बहार आने के बाद गाड़ी मालिक ने मौके पर पहुंचे पुलिस बल को बार बार धन्यवाद करते हुए कहा आप मुझे भगवान के बराबर हो आपने मेरी जान बचाई। मुझे जैसे ही जानकारी लगी में मौके पर पहुंचा और जेसीबी की व्यवस्था की लेकिन आसपास ना होने के कारण उसका दर्द सहा नहीं जा रहा था तो हम अपने दल बल के साथ ही गड्ढा खोदने लग गये और जीवित निकाल ने में सफल हुए ड्रायवर छोड़ कर भाग गया था परिवार जनों को सूचित करते हुए उपचार के लिए शिवपुरी भेज दिया। योगेन्द्र सिंह सेंगर अमोला क्रेशर चौकी प्रभारी



## सम्पत्ति विरूपण निवारण के संबंध में बैठक संपन्न

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



**शिवपुरी।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए आज जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर ब्रिजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में संपत्ति विरूपण निवारण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर ब्रिजेन्द्र यादव ने कहा कि म.प्र. सम्पत्ति विरुपण अधिनियम 1994 के अंतर्गत भवन स्वामी की लिखित अनुमति के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित कर विरूपित करने पर जुर्माने से दण्डनीय होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनैतिक दल या चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी या विज्ञापन कम्पनियों दवारा किसी भी शासकीय, अशासकीय सम्पत्ति को संबंधित विभाग या भवन स्वामी की अनुमति के बिना विरुपित किया जाता है तो संबंधित विभाग एवं भवन स्वामी के द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों, भवनों एवं अन्य शासकीय संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का दीवार लेखन, पोस्टर, झण्डे आदि प्रतिबंधित रहेंगे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने, शराब वितरण करने आदि से निर्वाचन को प्रभावित करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। राजनैतिक दलों के द्वारा जिले में आयोजित की जाने वाली सभाओं, जुलूस आदि के संबंध में पूर्व में ही स्थानीय स्तर पर बनाए गए निर्वाचन कार्यालय से अनुमति लेना आवश्यक है। बिना अनुमति के सभाओं, जुलूस निकालना प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर बनाए गए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनटरिंग कमेटी द्वारा भी समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों में प्रकाशित होने वाली पेडन्यूज के संबंध में निगरानी रखी जाएगी।

## करैरा में आयुष्मान मेला में एक हजार हितग्राहियों को किया लाभान्वित

**हरिओम चतुर्वेदी। पत्रकार**

**शिवपुरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करैरा पर आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयुष्मान स्वास्थ्य मेला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, एसडीएम अजय शर्मा एवम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.पवन जैन के निर्देशन में आयोजित किया गया। मेला में करीब एक हजार हितग्राही लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य मेला में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.बी. शर्मा, प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रदीप शर्मा ने पंजीयन काउंटर का अवलोकन कर व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने मरीजों से चर्चा भी की। शिविर का प्रारंभ जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रामस्वरूप रावत, नायब तहसीलदार ओ पी तिवारी, जिले से आए चिकित्सक सहित स्थानीय चिकित्सक डॉ सुनील जैन, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ.वीरेंद्र कोरकू, नवल सिंह चौहान, अवधेश गौरैया, नृपाल सिंह चौहान, मधु लता दुबे, राहुल दीक्षित, अमित दुबे, सुनील ब्यास, सतीश भगोरिया सहित अन्य कर्मचारी मरीज मौजूद रहे। शिविर में 1020 मरीज पंजीकृत हुए थे, जिन्हे परीक्षण उपरांत जांच कर दवा वितरित की गई। 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड तथा 160 आभा आईडी बनाई गई। 50 लोगों ने अंग दान की भी शपथ ली। इस दौरान ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमे आयुष्मान मित्र राहुल दीक्षित ने भी ब्लड डोनेट किया।




### थाना दिनारा पुलिस द्वारा

## 12 वर्ष से फरार स्थाई वारण्टी आरोपी को किया गिरफ्तार

### स्थाई वारण्ट तामील आरोपी पेश न्यायालय करैरा

**हरिओम चतुर्वेदी। पत्रकार**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग करैरा द्वारा चलाए जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारण्टियों की धरपकड हेतु अभियान के दौरान आज दिनाँक 25.09.2023 को सिकन्दरा चैकिंग पांईट पर मुखविर की सूचना पर से रवाना होकर थाना दिनारा जिला शिवपुरी के अपराध क्र0 38/12 धारा 279,337,304ए,66/192, 3/181,5/181 एम व्ही एक्ट एवं माननीय न्यायालय करैरा के प्र0क्र0 303/12 का फरार स्थाई वारण्टी बल्लू पुत्र स्व. वीरसिंह यादव उम्र 42 साल निवासी पालर थाना बडागांव जिला झांसी उ.प्र. को वीरेन्द्र यादव का शराब गोदाम भारत पेट्रोलपंप के पास शिवाजीनगर झांसी से विधिवत गिरफ्तार किया गया है। व स्थाई वारण्टी को माननीय न्यायालय करैरा पेश किया जा रहा है। उक्त स्थाई वारण्टी को गिरफ्तार किए जाने में थाना प्रभारी दिनारा श्री संतोष भार्गव, सउनि विनोद गौतम, प्र0आर0 252 हिमांशु चतुर्वेदी, प्रआर0 928 दीपक उपाध्याय, प्रआर0 276 रवि मांझी, आर0 267 विकास दुबे, आर. 133 सोनू साहू, आर. 240 पीकेश कुमार, आर. चालक 554 अमित यादव, सैनिक 218 हरीराम, सैनिक 276 धर्मपाल की सराहनीय भूमिका रही है।



## छत्रसाल महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताएं

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर। शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारभ किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉक्टर एसएस गौतम उपस्थित रहे उन्होंने सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवतशुभारंभ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवाहन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र में कोई ना कोई प्रतिभा अवस्य विद्यमान रहती है बस उसे खोज कर उसका प्रकटीकरण करने की आवश्यकता है, आगे वो युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए वर्तमान एवं भविष्य दोनों के लिए युवाओं की प्रासंगिकता पर बल दिया।




इसी अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर केशव सिंह जाटव उपस्थित रहे उन्होंने नदी और सागर का उदाहरण देते हुए कहा कि जिनमें कुछ कर गुजरने का हुनर होता है वह अपनी मंजिल ढूंढ ही लेते हैं। सांस्कृतिक प्रतियोगिता की संयोजक डॉक्टर भावना भटनागर उपस्थित रहीं। उन्होंने युवा उत्सव की समय सारणी का उल्लेख छात्रों के समक्ष किया। साहित्यिक गतिविधियों के संयोजक डॉक्टर अरविंद सिंह यादव मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमल किशोर यादव के द्वारा किया गया एवम आभार डॉक्टर अक्षय कुमार जैन के द्वारा व्यक्त किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर करण सिंह जाटव, डॉ अंजू सिहारे, प्रोफेसर नरसिंह भिड़े, डॉ गिरीश नीखरा, श्री राजेंद्र सिंह हिमोरिया के द्वारा किया गया। यह संपूर्ण युवा उत्सव समारोह का कार्यक्रम तीन दिवस 25 से 27 सितंबर तक चलने वाला है जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। आज दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें पहली प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता के रूप में आयोजित की गई तथा दूसरी प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता के रूप में आयोजित हुई जिसके प्रभारी डॉक्टर के के यादव एवं श्री राजेंद्र सिंह हिमोरिया रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं कार्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

## शिवपुरी पुलिस का स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों के खिलाब बड़ा एक्शन, पुलिस थाना दिनारा, सतनबाड़ा, चौखी खोड़ एवं थाना कोतवाली द्वारा सालों से फरार स्थाई बारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय किया पेश

**हरिओम चतुर्वेदी। पत्रकार**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा आगामी चुनावों के मद्देनजर जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव एवं बारंटियों की धरपकड़ करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेन्स की नीति अपनाने हेतु आदेशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले के मार्गदर्शन में पुलिस थान दिनारा, सतनबाड़ा, चौकी खोड़ एवं थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही करते हुये कई बर्षो से फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ कर न्यायालय पेश किया है । इसी तारतम्य मे पुलिस थाना दिनारा द्वारा दिनाँक 25.09.2023 को सिकन्दरा चैकिंग पांईट पर मुखविर की सूचना पर से थाना दिनारा के अपराध क्र0 38/12 धारा 279,337,304ए,66/192, 3/181,5/181 एम व्ही एक्ट एवं माननीय न्यायालय करैरा के प्र0क्र0 303/12 का फरार स्थाई वारण्टी बल्लू पुत्र स्व. वीरसिंह यादव उम्र 42 साल निवासी पालर थाना बडागांव जिला झांसी उ.प्र. को वीरेन्द्र यादव का शराब गोदाम भारत पेट्रोलपंप के पास शिवाजीनगर झांसी से विधिवत गिरफ्तार किया गया है, आज दिनाँक को ही 25.09.2023 को दौराने वाहन चैकिंग थाना दिनारा के अपराध क्र0 203/17 धारा 25/27 आर्मस् एक्ट एवं माननीय न्यायालय करैरा के प्र0क्र0 6712/17 का फरार स्थाई वारण्टी इन्द्रपाल पुत्र सुरेश यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम पठा थाना सैंथरी जिला टीकमगढ म.प्र. को आरटीओ बैरियर चैकिंग पाइंट प्रतिक्षालय के पास दिनारा से वाहन चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है । इसी प्रकार थाना सतनबाड़ा द्वारा आज दिनाक 25.09.2023 को दौराने इलाका भ्रमण पर मुखविर की सूचना पर से माननीय न्यायालय से जारी स्थाई वारंट प्र.क्र.647/21 धारा 138 एनआईए एक्ट में वारंटी महेश कुशबाह पुत्र बद्री सिंह कुशबाह उम्र 44 साल निवासी सतनवाडा खुर्द थाना सतनवाड़ा जिला शिवपुरी हाल छोटी नौहरी शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया । इसी तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस चौकी खोड़ द्वारा स्थाई वारंटियों पर कार्यवाही करते हुये अपराध क्रमांक 25/18 धारा 294 324 506 में 5 साल से फरार स्थाई वारंटी राजू आदिवासी पुत्र मलखान आदिवासी निवासी ग्राम पुनवाली को ग्राम शाजापुर से गिरफ्तार किया है । पुलिस थाना कोतवाली द्वारा थाने के स्थाई बारंटी रामस्वरुप पुत्र राजाराम आदिवासी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया है ।



# रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दिए निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने विधानसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से सौंपे गए कार्य के संबंध में निर्देश प्राप्त कर उसके अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी उनके साथ काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के आदेश जारी कराकर उनका एक सप्ताह में प्रशिक्षण सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि सभी रिटर्निंग आफीसर तथा ईआरओ मतदाताओं के घर-घर सत्यापन का कार्य एक सप्ताह में पूरा कराएं। सभी बीएलओ की ड्यूटी लगाकर ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय से पिछले एक वर्ष में मृत व्यक्तियों की सूची प्राप्त कर उनके नाम मतदाता सूची से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पृथक कराएं। किसी भी स्थिति में मृत व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं रहना चाहिए। रिटर्निंग आफीसर अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट व्यक्तियों तथा गणमान्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बिजली, पानी, शौचालय, छाया, आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार कर लें। उसी के अनुरूप मतदान कर्मियों तथा अन्य कर्मचारियों को चुनाव का प्रशिक्षण दें। जिला शिक्षा अधिकारी पोस्टल बैलेट के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें। मतदाता जागरूकता अभियान लगातार जारी रखें। गत विधानसभा चुनाव में जिन मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम था वहाँ विशेष रूप से कार्य करें। पिंक मतदान केन्द्र तथा दिव्यांग मतदान केन्द्र शहरी क्षेत्र में बनाए जाएंगे। एसडीएम इसके लिए मतदान केन्द्रों का तत्काल निर्धारण करें। विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाने वाले माडल मतदान केन्द्रों का भी निर्धारण कर सूची प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण करके मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, कानून और व्यवस्था की स्थिति तथा मतदान केन्द्रों की वर्नबेलिटी के संबंध में रिपोर्ट दें। अपराधियों तथा असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए बाउण्डओवर कराएं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक अक्टूबर से मतदाता जागरूकता का सघन अभियान चलाएं। नोडल अधिकारी मतदान सामग्री का आकलन कर लें। कलेक्टर ने कम्यूनिकेशन सेंटर बनाने, कंट्रोल रूम, वीडियोग्राफी तथा वेबकास्टिंग एवं मतदान दल गठन के संबंध



में बैठक में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि एक से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह में स्वच्छता, समाज कल्याण, स्वास्थ्य मेला, पोषण मेला, कृषि मेला, शिक्षा जैसे विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। संबंधित अधिकारी जिला और विकासखण्ड स्तर तक इनका आयोजन सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। कई बार निर्देश देने के बाद भी इस माह की रैंकिंग में कई विभाग डी श्रेणी में बने हुए हैं। पुरानी शिकायतों तथा वर्तमान माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। राजस्व विभाग की रैंकिंग में सुधार के लिए सभी एसडीएम सात दिवस में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। निर्वाचन के कार्य के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर भी ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, खनिज विभाग, खाद्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं जिससे इनकी रैंकिंग ठीक नहीं है। सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत लेबल-1 अधिकारी से बिना किसी कार्यवाही के लेबल-2 पर गई तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उज्ज्वला योजना के सभी हितग्राहियों तथा लाड़ली बहना योजना के गैस कनेक्शनधारियों के आवेदन पत्र ऑनलाइन दर्ज कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाकर ग्राम रोजगार सहायक के माध्यम से पात्र महिलाओं के आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि 29 सितम्बर को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सभी कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ कर्मचारियों तथा आमजनों को प्रेरित करके अधिक से अधिक रक्तदान कराने का प्रयास करें। रक्तदान करने वालों की सूची अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराएं। रक्तदान करने वालों को एक साल तक आवश्यकता होने पर अनिवार्य रूप से रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव की आदर्श आचरण संहिता शीघ्र ही लागू होने वाली है। सभी अधिकारी और कर्मचारी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचें। किसी भी तरह की राजनैतिक पोस्ट सोशल मीडिया में न करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग आदर्श ग्राम में शुरू होने वाले निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी कराकर निर्माण कार्य शुरू कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विकासखण्ड स्तर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर शिविर लगाकर रोगियों की जांच और उपचार की व्यवस्था करें। इसके लिए विस्तृत निर्देश जारी कराएं। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## सोहागी पुलिस रीवा ने घटना के 24 घंटे के अंदर किया चोरी की घटना करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी संभागीय ब्यूरो**

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक दवा विवेक सिंह के निर्देश पर फरियादी कृष्ण कुमार जायसवाल पिता स्वर्गीय शंकर लाल जायसवाल उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सुहागी वार्ड क्रमांक 11 थाना सुहागी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 327/2023 धारा 457 /380 दही का प्रकरण अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था इसी दौरान अपराध विवेचना मामले में दिनांक 24.9.2023 को संदेह ही रामू वर्मा पिता जुगुल नारायण वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सुहागी वार्ड क्रमांक 11 से पूछताछ पर जुर्म सदर का घटित करना बताएं जिसको अभी रक्षा में लेकर चोरी का मसरूका बरामद किया गया।

**बरामद सामान**-एक जोड़ी चांदी का पायल वजन करीब 7 तोला, नकदी 1000, 2 नग साड़ी, 02 नाग स्टील की थाली कीमत 7000

**गिरफ्तार आरोपी**-रामू वर्मा पिता जुगुल नारायण वर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 ग्राम सोहागी रीवा

**महत्वपूर्ण भूमिका**-थाना प्रभारी निरीक्षक गोकुलानंद पांडे, शारदा प्रसाद तिवारी, रामविर्जन रावत, शंकर पांडे की सराहनी भूमिका रही।

## रीवा रेलवे स्टेशन के पास हुआ भीषण सड़क हादसा, दो बाइक की टक्कर में एक की मौत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**



रीवा। दो बाइक की टक्कर में एक की मौत मामला रीवा रेलवे स्टेशन के पास का बीती शाम रीवा रेलवे स्टेशन के पास दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई. रीवा ट्रांसपोर्ट नगर के सामने रेलवे ब्रिज के नीचे विपरीत दिशा से आ रही दो मोटरसाइकिल में टक्कर हुई. दोनों मोटरसाइकिल सवार जमीन में आ गिरे. इसी दौरान बगल से निकल रहे एक वाहन की चपेट में एक मोटरसाइकिल सवार आ गया. जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. और उसकी मौत हो गई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बृजेश कोल पुत्र छोटेलाल कोल चोरहटा थाना अंतर्गत तिघरा गांव का निवासी था. किसी काम से शहर आ रहा था. इस दौरान यह हादसा हो गया। वही हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति का उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में किया जा रहा. फिलहाल उसकी हालत बेहतर है. बीच शहर में रेलवे ब्रिज के नीचे इस तरीके का हादसा साफ तौर से दर्शाता है. मोटरसाइकिल चालकों में आगे निकलने की किस कदर जल्दबाजी होती है. फिलहाल पुलिस का हेलमेट का लेकर अभियान भी ठंडा पड़ता दिखाई दे रहा है .जिसकी वजह से जब भी एक्सीडेंट होता है. ब्रेन हेमरेज होता है. क्योंकि उन्होंने हेलमेट नहीं लगाया होता है. रफ्तार तेज होती है. मोटरसाइकिल में सवार लोग तेज रफ्तार होने की वजह से सीधे नीचे गिरते हैं. सर में चोट की वजह से गंभीर रूप से घायल होते हैं. ज्यादातर लोगों की मौत की सबसे बड़ी वजह यही मानी जा सकती है. फिलहाल संजय गांधी अस्पताल की पुलिस चौकी में प्रकरण पंजीकृत करने के बाद बृजेश कोल के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है. परिजनों लेकर अपने गांव की ओर रवाना भी हो गए थे।

## पी.पी.जी.आई. में प्रबंधन और फार्मेसी के छात्रों का हुआ स्वागत समारोह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑड़ इंस्टीट्यूशंस में आज पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट तथा पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के छात्राओं का स्वागत समारोह महाविद्यालय के नवीन हरदी परिसर में आयोजित किया गया, साथ ही पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी द्वारा आज विश्व फार्मासिस्ट डे भी मनाया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी उपस्थित रहे छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक महोदय ने कहा कि नवीन पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देखते हुए निर्धारित हुए है। छात्रों को प्लेसमेंट संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई, विश्व फार्मासिस्ट डे के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि के साथ-साथ एक अच्छी और सही स्वास्थ्य सेवा भी बेहद जरूरी है। मरीजों को सही सलाह देने से लेकर उनका सही इलाज करने तक और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तक, फार्मासिस्ट समाज में




एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फार्मासिस्ट की इसी भूमिका को उजागर करने और चिकित्सा पेशेवरों को सम्मानित करने के मकसद से हर साल विश्व फार्मासिस्ट दिवस यानी वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाता है।इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (स्नढ्डक्) काउंसिल की स्थापना के मौके पर हर साल वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया जाता है। दरअसल, साल 1912 में इस फेडरेशन काउंसिल की स्थापना की गई थी।, जिसके बाद साल 2009 में इस्तांबुल, तुर्की में वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ फार्मेसी एंड फार्मास्युटिकल साइंसेज में, इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन (एफआईपी) काउंसिल ने दिन को मनाने का एलान किया। छात्रों को संबोधित करते हुए शैक्षणिक संचालक ने कहा इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में फार्मासिस्ट्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। इस खास दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने के लिए फार्मासिस्ट्स को सम्मानित किया जाता है। इस दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका फार्मासिस्ट्स के प्रयास को पहचानना और वे हमारे लिए जो भी कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के हरदी परिसर मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पेंटियम पॉइंट ऑड़ टेक्निकल कॉलेज से जितेंद्र सिंह परिहार,आशुतोष गुप्ता,डॉ अर्चना पटेल,नरेन्द्र पांडे,अवधेश शुक्ला पेंटियम पॉइंट कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी से जयप्रकाश सोनी, पंकज पटेल,सृजन पांडे उपस्थित रहे।पेंटियम पॉइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट से प्रतिज्ञा शर्मा, सिमरन चनदानी, अंकुर पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के कलेक्टरों से किया संवाद

### उज्जवला योजना के अन्तर्गत प्राथमिकता के आधार पर लाड़ली बहनों का करें पंजीयन, गैस सिलेंडर के लिए एक अक्टूबर को लाड़ली बहनों के खाते में अन्तरित की जायेगी राशि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**




रीवा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिले के कलेक्टरों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि उज्जवला योजना के अन्तर्गत पात्र लाड़ली बहनों को 450 रूपये में गैस सिलेण्डर दिया जाना है इसके लिए उच्च प्राथमिकता के आधार पर लाड़ली बहनों का पंजीयन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 450 रूपये में गैस सिलेण्डर दिये जाने के लिए एक अक्टूबर को लाड़ली बहनों के खाते में समारोह पूर्वक राशि अन्तरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जिन लाड़ली बहनों को आवास नहीं मिल पाया है उन्हें मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के अन्तर्गत आवास का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शीघ्र ही आवेदन फार्म भरे जाने हैं। आवास के लिए लाड़ली बहनों का पंजीयन करते समय यह बात ध्यान रखें कि किसी भी अपात्र लाड़ली बहनों को आवास का लाभ न मिलने पाये। वीडियो कान्फ्रेसिंग में जानकारी दी गयी कि प्रदेश स्तर में गैस सिलेण्डर के लिए अब तक 6.80 लाख लाड़ली बहनों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में कुल 416408 लाड़ली बहनों में से अब तक पात्र 30995 लाड़ली बहनों का पंजीयन किया जा चुका है। पंजीयन का कार्य सतत रूप से जारी है। वीडियो कान्फ्रेसिंग में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, नगर पालिक निगम की आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवणे, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी केपी पाण्डेय उपस्थित थे।

## मऊगंज में बकरी बेचकर आए व्यापारी से 5 लाख की लूट

### पुलिस का मानना है कि पकड़े गए लोग आपराधिक किस्म के हैं उनसे पूछताछ की जा रही है

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

मऊगंज। जिले में बकरी व्यापारी से 5 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गत रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 2 बजे बस से उतरकर व्यापारी पैदल गांव जा रहा था। रास्ते में दो बाइक में सवार होकर आधा दर्जन बदमाश आए। जिन्होंने व्यापारी को घेर लिया। इसके बाद 5 लाख रुपयों से भरा बैग छीनकर नेशनल हाईवे 135 की ओर फरार हो गए। वारदात के बाद व्यापारी ने खटखरी चौकी व शाहपुर थाने को सूचना दी। पकड़े गए लोग आपराधिक किस्म के राह चलते डकैती की सूचना पाकर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे है। उन्होंने बदमाशों का हुलिया पूछकर हाईवे में घेराबंदी कराई है। लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली है हालांकि पुराने कुछ आरोपितों को पड़कर पुलिस पूछताछ करने में जुट गई है पुलिस का मानना है कि पकड़े गए लोग आपराधिक किस्म के हैं उनसे पूछताछ की जा रही है। जमुई गांव का रहने वाले अंसार मोहम्मद पैदल जा रहे थे एएसपी विवेक कुमार लाल ने बताया कि फरियादी अंसार मोहम्मद जमुई गांव का रहने वाला है। वह आधी रात नागपुर की ओर से आई बस से उतरा। इसके बाद खटखरी चौकी अंतर्गत चौहना मोड़ से पैदल जमुई गांव जाने लगा। कुछ मीटर दूर पहुंचा। तभी पीछे से अज्ञात बाइक सवार आए। शातिर बदमाश समझ गए कि व्यापारी के बैग में जरूर कुछ है। ऐसे में 5 लाख रुपये से भरा बैग छीन लिया।

**डकैती का प्रकरण दर्ज**-खटखरी चौकी पुलिस की मानें तो व्यापारी गांव देहात में बकरी खरीदता है। इसके बाद ट्रक से हैदराबाद लेकर जाता है। वहां से बकरी बेंचकर ट्रेन से नागपुर पहुंचा। फिर नागपुर से बस में सवार होकर रीवा के रास्ते गांव लौट रहा था। तभी वारदात का शिकार हो गया है। चौकी पुलिस ने डकैती का प्रकरण दर्ज कर लिया है। बता दें कि नवीन मऊगंज जिले में इन दिनों अपराधी बेखौफ हो गए।

**इन्होंने क्या कहा**-सूचना मिलने के बाद हाईवे पर घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया था लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए थे मामला दर्जी कर मामले की जांच की जा रही है। विवेक कुमार लाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज।

## रतहरा तालाब चाकू कांड के दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी**

रीवा। रविवार की रात्रि फरियादी अंकित वर्मा पिता बाबूलाल वर्मा निवासी मदारी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की शनिवार को अपने दोस्त अंकित साकेत निवासी कठमना थान गढ़ जिला रीवा के साथ मोटरसाइकिल पल्सर से जा रहा था ग्राम रतहरा के पास पहुंचा तभी दो अज्ञात दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए रतहरा तालाब के पास करीबन 4.30 बजे मुझे पकड़ लिए और दोनों अज्ञात व्यक्ति हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे इतने में दूसरी मोटरसाइकिल में हिमांशु पटेल व उसका एक अन्य साथी आ गए और दोनों लोग मोटरसाइकिल से उतरकर हत्या करने के इरादे से मेरे साथी अंकित साकेत को चाकू से मारपीट करने लगे सीना व कमर उंगली से खून बहने लगा तब मैं किसी प्रकार छुड़ाकर हल्ला गुहार मारते हुए लैंड मार्क होटल की तरफ भाग और आरोपी भी मुझे



छोड़ कर भाग गए। रिपोर्ट पर से थाना सिटी कोतवाली रीवा में अपराध क्रमांक 704/ 2023 धारा 307 आईपीसी प्रकरण दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया सूचना बाद से ही पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमान विवेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को धर पकड़ हेतु टीम गठित किया गया। थाना प्रभारी गढ़ एवं थाना प्रभारी मनगांव एवं साइबर सेल की मदद से प्रकरण के आरोपी हिमांशु पटेल एवं सचिन पटेल को थाना मनगांव के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि घटना दिनांक को मैं और मेरे साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपियों को मान. न्याय. पेश किया गया एवं घटना के एन आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी- हिमांशु पटेल पिता सुखचैन पटेल निवासी थाना हनुमान हाल दशहरा एवं सचिन पटेल पिता उमेश पटेल निवासी बसेड़ा थाना मनगांव रीवा। महत्वपूर्ण भूमिका-उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद बुनकर प्रधान आरक्षक ऋ ष्ठ पटेल, विनोद तिवारी, राजकुमार तिवारी, आरक्षक संजीत यादव, थाना प्रभारी गढ़, थाना प्रभारी मनगांव एवं साइबर सेल।

## 21000 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



मैहर। पंडोखर सरकार का तीन दिवसीय त्रिकालदर्शी दिब्य दरबार 26 से 28 सितंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन होना है जिसमे करीब एक आज 21 हजार कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमे हाथी घोड़ा पालकी के साथ भक्तो सैलाब देखने को मिला शोभायात्रा बड़ा अखाड़ा से प्रारंभ होकर किला चौक,रहीम चौक रंगलाल चौक पूर्व दरवाजा घंटाघर कटरा बाजार होते हुए सिद्ध बाबा आश्रम में संपन्न हुई शोभायात्रा में 21000 महिलाएं कलश यात्रा का केंद्र बिंदु रही कलश यात्रा और शोभा यात्रा के संयुक्त प्रदर्शन में हाथी घोड़े पालकी रथ के साथ भव्य झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया ।शोभायात्रा में देश के कोने-कोने से अनेक महान संतो की उपस्थिति भी रहे साथ ही 26 27 एवं 28 सितंबर का तीन दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार मैहर श्री सिद्ध बाबा आश्रम मऊ में आयोजित किया जाएगा।

# जी.आर.व्हाय. इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी बोरावां के विद्यार्थियों एवं फेकल्टी ने किया 90 यूनिट रक्तदान

## रक्तदान कर हमारे विद्यार्थियों ने दिया जीवनरक्षा का संदेशः सचिन यादव, जी.आर.व्हाय इंस्टीटयूट ऑफ फार्मेसी बोरावां में, फार्मासिस्ट दिवस और एन.एस.एस स्थापना दिवस का आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। जी.आर.व्हाय. इंस्टीट्यूट बोरावां में आज सोमवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिवस स्वास्थ्य सेवाओं एवं औषधिक अनुसंधान में फार्मासिस्ट की भुमिका के बारे में जागरूकता के लिये मनाया जाता है। विश्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदल रही पस्थितियों के सुधार में फार्मासिस्ट की भुमिका की सराहना करने के लिये विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आज संस्था में विभिन्न कार्यकमों एवं गतिविधियॉ के अंतर्गत पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता, ड्रामा, लेबल मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस, सेल्फी पाइंट डेकोरेशन इत्यादि संस्था परिसर में आयोजित की गई। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस भी मनाया गया। जिसमें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समारोह की शुभारंभ अवसर पर श्रीमति निधि नामदेव ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस के संदर्भ में विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की एवं श्रीमति मोहिनी पाटीदार ने फार्मासिस्ट दिवस की इस वर्ष की थीम फार्मासिस्ट स्टेऊथनिंग हेल्थ सिस्टम के बारे मे विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर फॉर्मेसी के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने समाज और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के प्रति अपनी भुमिका को याद दिलाने के लिये सामुहिक रूप से फार्मासिस्ट की शपथ ली। डॉ. हेमेन्द्र मुछाला (प्रभारी रक्त कोष अधिकारी खरगोन) द्वारा रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों तथा




रक्तदान से होने वाले फायदों के बारे में अवगत कराया गया तथा अंगदान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। रक्तदान डॉ. हेमेन्द्र मुछाला की उपस्थिति में किया गया। जिसमें संस्था के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा 90 युनिट रक्तदान किया गया।

**रक्तदान कर हमारे विद्यार्थियों ने दिया जीवनरक्षा का संदेशः सचिन यादव**-प्रदेश के पूर्व कृषि एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने विद्यार्थियों की इस पहल का स्वागत करते हुए अपने संदेश में कहा कि हमारे होनहार विद्यार्थियों ने रक्तदान कर जीवनरक्षा का संदेश दिया है। उनकी यह पहल हम सबके लिए अनुकरणीय है। आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर मैं सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। प्रो. नितिन देशमुख ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के केंप समाज के प्रति विद्यार्थियों की जिम्मेदारी को सुनिश्चित करते है। और उन्होने नई तकनीकों और उन्त साफ्टवेयर के बारे में जानकारी दी ताकि विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा अपना ध्यान शोध पर लगा सके। कार्यक्रमों के बाद समापन समारोह आयोजित किया गया विभिन्न कार्यक्रमों में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी आयोजनों में प्रथम पुरूस्कार विजेता एवं उप विजेता को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड रिबन क्लब जिला चिकित्सालय खरगोन के चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। अपने संदेश में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव विद्यार्थियों कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करता है। यह सबसे बडी सेवा एवं महान कार्य है। आज रक्तदान के लिए जन जन को जागरूक किया जाना आवश्यक है। फार्मासिस्ट दिवस, रक्तदान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के सफल आयोजन पर, डॉ. सुजीत पिल्लई प्राचार्य जी.आर.व्हाय. इंस्टीट्युट ऑफ फार्मेसी, बोरावां द्वारा समस्त चिकित्सकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।

# एक नजर...

## भाटसन प्राइमरी स्कूल ने क्लस्टर स्तर पर गणित विज्ञान और पर्यावरण प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### भाटसन स्कूल पांच में से चार विभागमें प्रथम रैंक

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**



जीसीईआरटी गांधीनगर प्रेरित भाटसन सीआरसी आयोजीत कलस्टर स्तरीय गणित-विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी आयोजित की गई। सीआरसी स्तरीय गणित, विज्ञान और पर्यावरण प्रदर्शनी में सरस्वती तालुका के भाटसन प्राइमरी स्कूल के बाल वैज्ञानिकों ने पांच-पांच खंडों में अपनी कृति रखी। जिसमें खंड 1. हेल्थी हैबिट्स, खंड 3. सेव अर्थ, खंड 4. रोप-वे, खंड 5. मैथ्स मल्टी पर्पज मॉडल शामिल हैं। इस प्रकार, भाटसन पे सेंटर स्कूल के प्रिंसिपल श्री शैलेशभाई सुथार के मार्गदर्शन में, स्कूल के शिक्षक श्री परमार राजेशभाई, रावल नीलमबेन और श्रीमाली नीलेशभाई के मार्गदर्शन में, बाल वैज्ञानिकों ने सुंदर प्रदर्शन किया और पांच में से चार विभाग में प्रथम रैंक हासिल की। सीआरसी श्री दिलीपभाई देसाई द्वारा बधाई दी गई।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के घोटालों के पर्चे वितरण किये

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



फूफ। फूफ में मंडलम अध्यक्ष योगेश शर्मा के द्वारा मीटिंग बुलाई गई जिसमें बी एल ए के साथ भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के घोटालो के पर्चा को वितरित किया गया जिसमें जिला संगठन मंत्री भाई इरशाद अहमद हनीफ खान ईर्षा खान,प्रशांत त्रिपाठी,नीरज गुप्ता,गौरव भदोरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## आज बुढ़वा मंगल पर काँक्सी सरकार पर होंगे कई आयोजन, हजारों भक्त पहुंचेंगे दर्शन करने

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुढवा मंगल के अवसर पर कांक्सी सरकार पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। बुढ़वा मंगल पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बुढवा मंगल के उपलक्ष्य में मंगलवार 26 सितंबर को फूल बंगला सजाकर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा।तदोपरांत सुबह 06 बजे मजिस्ट्रेट हनुमान जी की महाआरती की जायेगी।उसके बाद हनुमानजी के दरवार में छप्पन भोग लगाया जाएगा।तदोपरांत बाल भोग का वितरण किया जायेगा।इसके पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महामंडलेश्वर महाराज महंत श्री रामदास जी महाराज ने कहा कि कांक्सी सरकार की असीम कृपा से उनके चरणों में यह विशाल कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।जिसमें आस-पास के गांव के हजारों भक्तगण शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाएंगे।महाराज ने कहा कि आस-पास के सभी ग्रामवासी मन्दिर परिसर में आयोजित कार्यक्रमो में सहयोगी बने साथ ही मन्दिर परिसर की साफ सफाई में सहयोग प्रदान करें।वहीं थाना प्रभारी दबोह ने बुढ़वा मंगल की तैयारियों को लेकर बताया कि इस अवसर पर मन्दिर पर हजारो की संख्या में भक्तगण दूर दराच से आएंगे और भगवान हनुमान के दर्शन करेंगे। जिसके चलते मन्दिर पर पुलिसिंग व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी।

### सबके दुःख हरते और झोली भरते कांक्सी सरकार

जैसा की आप सभी को ज्ञात है कि कांक्सी सरकार मन्दिर जिले का एक ऐसा प्राचीन रमणीक स्थल है।जहां मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के हजारों भक्तगण प्रति मंगलवार एवं शनिवार को हनुमानजी के दरवार में दर्शन करने के लिए आते हैं।कांक्सी सरकार पर जो भी भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है,हनुमानजी महाराज उसके सभी संकट दूर कर देते हैं और उसके जीवन में खुशियां भर देते हैं। यहां आने वाले भक्तों की मान्यता है कि कांक्सी सरकार के दर्शन मात्र से न्यायालयीन कार्यों में बड़ी राहत मिल जाती है। इसलिए कांक्सी सरकार न्यायाधीश हनुमान के नाम से भी विख्यात है।

## ग्राम पंचायत सहसराम में सरपंच और सचिव कर रहे मनमानी भर रहे अपना पेट



ग्राम पंचायत सहसराम सरपंच रीना नरेश यादव सचिब महेश धाकड़ के द्वारा ग्राम पंचायत की 15 वित राशि से बगैर निर्माण कार्य कराए 40 लाख रुपए का गवन सरपंच सचिव की मिली भगत से विकास कार्यो के नाम पर 4000000 रुपए निकाल लिया गया है गया है जिसकी शिकायत कलेक्टर श्योपुर एसडीएम विजयपुर सीओ साहब तक की जा चुकी है लेकिन अभी तक दोषियों पर कार्यवाही नहीं की गई इसमें जांच अधिकारी के तौर पर भ्रष्टाचार में लिफ्ट रामनिवास धाकड़ इंजीनियर को ही जांच करने के लिए ग्राम पंचायत में भेजा गया जो की नियम विरोध है और जांच में भी सिद्ध पाया गया कि यहां पर मजदूरों को मजदूरी न दी गई सारे कार्य मशीनों द्वारा किए गए जिस आरसीसी रोड निर्माण के लिए पैसा निकाला गया वह दीपक जी की दुकान से गडीपुरा की ओर है और नाली निर्माण कार्य शिव कुमार के घर से मंदिर की ओर है बरेलाल मिस्त्री के घर से मुन्ना परिहार की सीसी आज दिनांक तक इस ग्राम पंचायत की साफ सफाई के लिए एक भी सफाई करने की नियुक्ति नहीं की गई यहां तक की जो 20 वर्ष से पंचायत में चपरासी की नौकरी कर रहे हैं बेदेई चरण लखेरा जी उनको भी वेतन नहीं दिया गया और एक भी सार्वजनिक शौचालय निर्माण इस पंचायत में नहीं किया गया एक तरफ पुल पुलिया रपटा की भरमार अपने निजी स्वार्थ के लिए 11 पुलियों का और रपटा निर्माण इस पंचायत में कराए गए हैं इन निर्माण कार्यो की बहुत जरूरी आवश्यकता नहीं थी भ्रष्टाचार के नाम पर आज ग्राम पंचायत सहसराम श्योपुर जिले की इकलौती पंचायत बन चुकी है

## लाड़ली बहना आवास योजना में पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे : कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन में अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश में टॉप ज़िलों में स्थान बरकरार रखने वाले विभागों को बधाई दी, समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की टीएल बैठक में रखे गए विभागीय प्रकरणों पर की गई करवाई की अद्यतन जानकारी पढ़कर आएं और उसकी लिखित जानकारी एक दिन पूर्व ही भेज दें। लाड़ली बहना आवास योजना में कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे, यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है इसने किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। साप्ताहिक पत्र समीक्षा बैठक में एडीएम श्री राजकुमार खत्री सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के कुछ विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन ग्रेडिंग में एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन कर प्रदेश में टॉप ज़िलों में स्थान बरकरार रखा, उन सभी विभागों की टीम को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर रैम्प पहले से ही तैयार करवा लिए जाएं। बैठक में जिले में खाद की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्राईवेट दुकानों पर सही रैट पर खाद वितरण हो रहा है या नहीं इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें और जो भी दुकानदार स्टॉक एवं रैट प्रदर्शन नहीं करते हैं उन पर कार्यवाही करने निर्देश दिए।

## जगद् गुरु आचार्य श्रीहीरविजयसुरीजी म.सा का 427 स्वर्गारोहण दिन एवं राष्ट्रसंत आचार्य श्रीमद पद्मसागरसूरीजी का 89 वां जन्मोत्सव मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** श्री एम. एन. पूरम श्रीरामपूरम में मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा मुनि श्रमणपद्मसागर जी की निश्रा में गुरु गुणोत्सव एवं तपोस्व का भव्य कार्यक्रम हुआ. इस अवसर पर मुनि राजपद्मसागरजी म.सा ने बताया कि गुरु के उपकार का स्मरण करना चाहिये मुगल सम्राट अकबर को प्रतिषोध करनेवाले जगदगुरु आचार्य हीरविजयसूरीजी महाराजाने पूरे जैनशासन में अहिंसा का धर्मध्वज फहराया था वो आचार्य भगवंत आचार एवं क्रियाओ में चुस्त थे अपने आचारो के द्वारा इर्यासमिति का पालन करते हुए अकबर को चकित कर दिया था, वो आचार मूर्ति एवं तपोभूर्ति थे और आचार्य श्री पद्मसागरसूरीजी म सा.ने भी अनेक शासन प्रभावक काम किये है वो वचन सिद्धपुरुष है अनेक संघो के कार्य समाजकार्य और तीर्थ की रक्षा



एवं अपने जीवन श्रुतोपासना की, दुर्लभ ग्रंथ है वो ग्रंथों की रक्षा के लिए उन्होंने कोबा (गुजरात) मे ज्ञानमंदिर बनवाया. उनका भी हमारे उपर उपकार है और अच्छा परिवार में अनेक प्रकार की तपस्या हुई। सिद्धितप वेदा - विधि वसंता बहन ने सिद्धितप किया। आशीष के अठाई विशाल के पाच की तपस्या उनकी तपश्चर्या की भी अनुमोदना करते है और स्वामीवात्सल्य के लाभार्थी संघवी भाणकचंद मंगल चंद नरेन्द्र आच्छा ने लाभ लिया। मुनि श्रमणपद्मसागरजी ने बताया की होकायंत्र जो होता है वह हमेशा उत्तर दिशा दिखाता है परंतु जो सद्गुरु होते हैं वह हमेशा भक्तों को सही दिखा दिखाते हैं उत्तम दिशा दिखाते हैं और गुरु गुण उत्सव के उपलक्ष में अरिहंत परमात्मा की भव्य अंगरचना एवम् गुरुजी के बहुमान सम्मान, जीवदया, सामायिक, अन्नदान के कार्य हुए। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विनोद संघवी, सुरेश भंडारी, रमेश भंडारी, जवरी लाल मुथा, प्रसन चंडालिया, साजन बरलोटा, मानिकचंद आच्छा, रमेश सियाल, राजेंद्र नाहर, कांतिलाल, महेंद्र छाजेड, इंदर चंद बोहरा, गौतम चंद संचेती, मोहनलाल बोहरा आदि गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ सचिव नरेंद्र आछा ने किया।

## कर्नाटक वॉलीबॉल फेडरेशन एवं महावीर स्पोर्ट्स क्लब चिकपेट बैंगलुरु वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। कर्नाटक वॉलीबॉल फेडरेशन ओर महावीर स्पोर्ट्स क्लब चिकपेट



बैंगलुरु कि ओर से वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में करीब 28 टीमो ने भाग लिया, रविवार को शिदगंगा स्कुल चंद्रालेआऊट मैं टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता मै विजेता टीम एकता स्पोर्ट्स क्लब राममूर्ति नगर रही। उपविजेता टीम हाऊसिंग बोर्ड स्पोर्ट्स क्लब रही। मैन ऑफ दी सीरीज प्रेमाराम सिरवी, मैन आफ दी मैच अबाराम सिरवी, बेस्ट अटेकर माधुराम सिरवी, बेस्ट सेन्टर राकेश सिंह राजपुरोहित, बेस्ट सर्विस विनोद सिंह राजपुरोहित, बेस्ट नेटर विजय, अमेजिंग प्लेयर प्रवीण कुमार, सिसीपलेन टीम महावीर स्पोर्ट्स क्लब चिकपेट रही। आयोजन कर्ताओं ने प्रतियोगिता हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई। इस मौके पर महेंद्र जैन, बाबु सिंह, मुकेश जैन, तारा राम सिरवी, विकास देवाशी रिस्पॉन्सर रहे, चुन्नी लाल, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित चिकपेट एवम् ओगडराम माली, दिन दयाल शर्मा, कमल कुमार जांगिड़, ढंगला राम सिरवी, नेमा राम सीरवी, पुर्ण नाथ, सुरेश कुमार प्रजापति, मुलाराम सिरवी, वेनाराम सीरवी सदस्य फेडरेशन के बोर्ड मेम्बर अबाराम सिरवी, मदनलाल प्रजापति, महेंद्र कुमार देवासी, माणक लाल प्रजापति, सोहन सिंह ठाकुर, महेंद्र कुमार सीरवी, प्रकाश पटेल सभी सदस्यों ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

## सीरवी परगना समिति बिलाड़ा कि मिटींग 2 अक्टूबर को



बेंगलूरू। सीरवी समाज परगना सिमिति बिला?ा बैंगलोर कि मिटिंग सीरवी समाज मराथाल्ली आईमाता वडेर में आयोजित की जाएगी। कर्नाटका महासभा के मीडिया प्रभारी कौलाश बर्फा ने बताया की शोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक या व्हाट्सएप ग्रुप पर जहाँ भी बिलाड़ा के सदस्य है उन तक ये मेसज जरूर शेयर करें कि आगामी 2 अक्टूबर सोमवार को माराथल्ली बढेर भवन में सभी आम सदस्यों की मीटिंग बुलाई गई है समय प्रातः 10 बजे जिसमे सभी सदस्यों को आना है।और भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई हैं। मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन होगा। इसलिए सभी ज्यादा से ज्यादा सँख्या में पधार कर इस कार्यक्रम की शोभा बढाए। इसकी जानकारी सभी सदस्यों को जल्द से जल्द मिल सकें इसलिए आप सभी इस मैसेज को सभी बिलाड़ा के ग्रुप में भेजें ओर फेसबुक पर भी डाले जिससे सभी सदस्यों को जानकारी मालूम हो।

## विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा भव्य चल समारोह एवं विश्वकर्मा समाज का संभागीय महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

मौ। 24 सितंबर को जिला भिंड में विश्वकर्मा जन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बेताल विश्वकर्मा जी एवं डॉ गोविंद विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में भव्य चल समारोह एवं विश्वकर्मा समाज का संभागीय महासम्मेलन कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम की शुरुआत श्री श्री 108 श्री परमात्मा दास जी महाराज डबरा महंत जी द्वारा अतिथियों से विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना करवा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन मा.श्री लाल सिंह आर्य जी कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री मा.श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के सुपुत्र युवा नेता मा.श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर जी विशिष्ट के रूप में मौ नगर परिषद अध्यक्ष मा.श्री सज्जन सिंह यादव जी विश्वकर्मा जन संगठन के संरक्षक श्री मोहन विश्वकर्मा जी प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज विश्वकर्मा जी विश्वकर्मा महापंचायत के प्रदेश संयोजक श्री राजेश विश्वकर्मा जी संगठन के प्रदेश सचिव श्री मनोज विश्वकर्मा जी संभागीय प्रभारी श्री जुगल किशोर विश्वकर्मा जी संभागीय अध्यक्ष श्री रमेश विश्वकर्मा जी लोह कास्ट प्रकोष्ठ कांग्रेस ग्वालियर चंबल संभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री रामप्रताप विश्वकर्मा जी महिला मोर्चा जिला ग्वालियर अध्यक्ष श्रीमती रानी विश्वकर्मा जी दतिया महिला मोर्चा अध्यक्ष श्री मति नीतू




विश्वकर्मा जी एवं ग्वालियर चंबल संभाग से समाज के सैकड़ो लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री माननीय लाल सिंह आर्य जी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में देश में पहली बार ऐसा प्रधानमंत्री आया जिसने विश्वकर्मा समाज को सम्मान देने का काम किया विश्वकर्मा समाज के लिए समाज के कल्याण के लिए देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने 13000 करोड़ की विश्वकर्मा कौशल विकास योजना का शुभारंभ किया और विश्वकर्मा समाज की पार्टी में हिस्सेदारी हो संगठन में हिस्सेदारी हो उसके लिए मैं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व से आपकी बात आपकी वकालत करूंगा साथ ही आप सबके आशीर्वाद से मैं विधायक बनूंगा और विधायक बनने के बाद विश्वकर्मा समाज के लिए 10 लाख रुपए की राशि सामुदायिक भवन के लिए लाल सिंह आर्य देगा और जहां भी विश्वकर्मा समाज को मेरी जरूरत होगी आपके सुख दुख में आपका सेवक हमेशा विश्वकर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं। श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर जी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विश्वकर्मा समाज कल्याण के लिए जो योजना लागू की गई है उसका हम सभी लोगों को लाभ लेना चाहिए और साथ ही अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलवाएं जिससे उस परिवार का भला हो सके उस समाज का विकास हो सके।

# भाभी के हत्यारे व उसके साथियों को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। न्यायालय ने भाभी के हत्यारे देवर एवं उनके साथियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई विशेष लोक अभियोजन अधिकारी शैलेंद्र कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि दिनांक 16 फरवरी 2017 को थाना मौ की चौकी झांकरी अंतर्गत मौ गोहद रोड पर चम्हेडी गेट के पास अज्ञात महिला की खून से लथपथ लाश मिलते ही सूचना डायल हंड्रेड पर प्राप्त हुई जिसमें चौकी प्रभारी परशुराम पाल ने मौके पर पहुंचकर सूचना कर्ता चरण सिंह एवं इंद्रजीत राणा उम्र 35 साल निवासी चितौरा की सूचना पर देहाती मर्ग कायम किया तथा धारा 174 सीआरपीसी का सबीना फार्म जारी कर साक्षीगढ़ चरण सिंह दयाराम जाटव कल्याण जाटव राजयोगेंद्र राणा गुलाब सिंह के समक्ष अज्ञात महिला के शब को पंचायत नामा कार्रवाई की गई मौके पर एक लावा कंपनी का टूटा हुआ मोबाइल मिला जिसमें आइडिया कंपनी की सिम डाली हुई थी जिसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार साइबर सेल की मदद से सीडीआर निकलवा कर सीडीआर में उक्त मोबाइल सुदामा निवासी अंधियारी का होना बताया गया मौके पर जाकर अंधियारी में सुदामा बड़ई से पूछताछ पर उसने मोबाइल लेकर अपनी लड़की लाली के का उसके देवर द्वारा बुलाए जाने पर दिनांक 15 फरवरी 2017 को दोपहर में भी मौ की तरफ जाना बताया जिसे डेट हाउस मौ लाकर पहचान कराई तो उसने अज्ञात महिला को अपनी पुत्री लाली के रूप में पहचान लिया इसके बाद महिला का पीएम कराया गया मृतिका के देवर शिवराज की अड़ूपुरा में तलाश की गई जहां वह ताला डालकर परिजनों के साथ फरार मिला जांच के दौरान मृतका के परिजन पिता सुदामा बडई मां रामादेवी ताऊ मानसिंह चाचा अवध बिहारी के कथन लेख किया जिन्होंने मृतिका लाली के पति बंटी बडई की मौत के बाद लाली को उसके बच्चे से भी दूर रखने तथा परेशान करना व गोहद में लाली द्वारा कैसे लगाए जाने पर शिवराज द्वारा उसको हमारी लड़की से शादी के लिए सामाजिक दबाव डालना बताए तथा शिवराज द्वारा लड़की से बात चीत करना भी बताया साक्षी छोटे सरनाम एवं रामसिया ने दिनांक 15 फरवरी 2017 को लाली का दोपहर में छोटी अंधियारी से मौ बस स्टैंड आना तथा मौ बस स्टैंड रात्रि में 8ः00 बजे अपने देवर के साथ बड़ी अंधियारी पर उतर जाना बताया तथा झांकरी के शर्मा पेट्रोल पंप के कर्मचारी देवेंद्र शर्मा ने फोटो देखकर अज्ञात महिला के साथ शिवराज तथा अन्य व्यक्तियों की साथ मारुति ईको एमपी 32 सी 1681 में होना पाया गया प्रथम दृष्टिया लाली की हत्या कर साक्ष्य छुपाना पाया गया अपराध क्रमांक 40/17 धारा 302 201 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान आरोपी शिवराज पिता छुन्ना बढई को गिरफ्तार कर पूछताछ पर उसने अपने साथियों नीरज यादव निसार मुसलमान मोनू खान कल्लू झा के साथ मिलकर मनोज बाथम की मारुति कर यूको एमपी 32 सी 1681 फलदान के बहाने लेकर आना तथा षड्यंत्र एवं योजना के अनुसार लाली को बड़ी अंधियारी से ग्वालियर के रास्ते पंजाब ले जाने की बात कह कर बैठाना और चम्हे के पास एकांत स्थान पर ले जाकर गाड़ी को बार-बार चढ़ाकर उसकी हत्या कर देना बताया गया शिवराज की निशानदेही पर मारुति ईको को मनोज बाथम के घर से जप्त की गई तथा शिवराज द्वारा आपराधिक षड्यंत्र में फिरौती ?40000 देकर हत्या करने में सहयोग करने वाले आरोपी क्रमशः निसार पिता इमाम खान उम्र 20 साल मोनू पिता इस्लाम खां उम्र 22 साल नीरज पिता गंभीर सिंह यादव उम्र 21 साल कल्लू पिता ओमप्रकाश झा निवासीगढ़ सेवड़ा को गिरफ्तार किया गया तथा उनकी मेमोरेंडम जप्ती के बाद वापर्दा जेल दाखिल कर पेट्रोल पंप के देवेंद्र शर्मा ने शिनाख्ती कराई गई यहां यह उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण के मुख्य आरोपी शिवराज अपने गांव अड़ूपुरा में रहता है लेकिन वह वहां से गायब था जबकि यह षडयंत्र पूर्वक अपनी भाभी की हत्या करने के लिए सेवड़ा में कमलेश प्रजापति के मकान में रहा और प्रदीप साहू के माध्यम से इन चारों सेवड़ा के आरोपियों के संपर्क में आया प्रकरण में विवेचना पूर्ण होने पर 21 /05/2017 को चालान तैयार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया न्यायालय गोहद भिंड द्वारा 25 सितंबर को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्षी से सहमत होते हुए अभियुक्त को धारा 302 201 120बी 34 आईपीसी के अंतर्गत प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं पांच-पांच हजार के अर्थ दंड से दंडित किया

## स्पैनिश शतरंज लीग : प्रज्ञानन्दा की स्पेन के वाजेहो पर शानदार जीत

**लिनारेस , स्पेन।** भारत के नंबर 3 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर प्रज्ञानन्दा नें स्पैनिश शतरंज लीग में पहले दो राउंड में अपनी टीम सीए सोलवाय से खेलते हुए छठे राउंड में स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी




वोजेहो फ्रांसिस्को को पराजित करते हुए अपनी टीम को टीम कसाब्लंका पर जोरदार जीत दर्ज करने में योगदान दिया और फिलहाल उनकी टीम लीग में शीर्ष पर पहुँच गयी है । इससे पहले प्रज्ञानन्दा नें दो मुक़ाबले जीतने के बाद लगातार 3 मुक़ाबले ड्रॉ खेले थे । इस जीत के बाद प्रज्ञानन्दा रेटिंग में मामूली 5 अंको की बढ़त के साथ 2739 रेटिंग के साथ विश्व के 16वें नंबर के खिलाड़ी बने हुए है । 29 सितंबर से एशियन गेम्स मे प्रज्ञानन्दा टीम चैंपियनशिप में भारत की टीम से खेलते हुए नजर आएंगे ।

## मांकड़िग की अपील वापस ली, ईश सोढ़ी ने लगाया हसन महमूद को गले

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने दूसरे वनडे में खेल भावना की मिसाल कायम की। ब्लैक कैप्स की पारी के 46वें ओवर में तेज गेंदबाज हसन महमूद ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर क्रीज पर पहले ही बाहर निकल चुके ईश सोढ़ी को रन आऊट (पहले मांकड़िग कहते थे) कर दिया। फैसला तीसरे अंपायर के पास गया तो उन्होंने सोढ़ी को आऊट करार दे दिया। लेकिन यहां बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास और सौम्य सरकार ने बातचीत कर सोढ़ी को वापस बुला लिया और खेल भावना का सबूत दिया।

सोढ़ी वापस आए तो उन्होंने सबसे पहले हसन को गले लगाया। बता दें कि बांग्लादेश उन चुनिंदा टीमों से एक हैं जिन्होंने कभी भी नॉन-स्ट्राइकर छोर पर बल्लेबाज को रन आउट का प्रयास नहीं किया।

**सोढ़ी ने खेली महत्वपूर्ण पारी**

जब यह घटना घटी तब सोढ़ी 26 गेंदों पर 17 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। क्रीज पर वापस आने के बाद उन्होंने 39 गेंदों में 3 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए और टीम के स्कोर को 254 तक ले गए। सोढ़ी ने इस दौरान महेदी हसन और खालिद अहमद की गेंदों पर छक्के भी लगाए।

**टॉम ब्लंडेल ने बनाया अर्धशतक**

मैच की बात करें तो न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही थी। फिन ऐलन 12 तो विल यंग 0 पर आऊट हो गए। मध्यक्रम में हेनरी निकोल्स ने 49 तो टॉम ब्लंडेल ने 68 रन बनाए। पुछल्ले बल्लेबाजों में ईश सोढ़ी ने 35, काइल जेमिसन ने 20 तो लॉकी ने 13 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से खालिद और महेदी हसन ने तीन-तीन विकेट लिए।

## चेन्नईयन एफसी के खिलाफ अपने गढ़ में अजेय रही ओडिशा एफसी, आईएसएल मैच दो गोल से जीता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने चेन्नईयन एफसी के खिलाफ भुवनेश्वर के अपने गढ़ कलिंगा स्टेडियम को अजेय रखा है। ओडिशा एफसी ने खेले गए इंडियन सुपर लीग 2023/24 सीजन के अपने पहले मुकाबले चेन्नईयन एफसी को 2-0 से हरा दिया। ओडिशा की जीत में जेरी माविहमिंगथांगा ने 45वें और स्थानापन्न ब्राजीलियाई फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो ने 63वें मिनट में गोल दागे। जेरी को पहला गोल दागने और राइट विंग में तेज-तर्रार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

हेड कोच सर्जियो लोबेरा के जगरनॉट्स ने अपने किले को अभेद रखते हुए इस सीजन की शुरुआत जीत से की और अपने पहले मैच से पूरे तीन अंक हासिल किए। वहीं, मरीना मचान्स की हार से मुख्य कोच ओवेन कोयल को निराशा मिला। मैच का पहला गोल 45वें मिनट में आया, जब मिजोरम के विंगर जेरी माविहमिंगथांगा ने ओडिशा एफसी को 1-0 से आगे कर दिया। दाहिनी तरफ से साइड लाइन पर थ्रो-इन पर लिए गए पहले प्रयास को चेन्नईयन के गोलकीपर सामिक मित्रा ने पंच आउट किया लेकिन गेंद अमेय रानावडे के पास पहुंची और उन्होंने बॉक्स के अंदर जेरी को पास दिया।

## लेवीटोव इंटरनेशनल शतरंज :विश्वनाथन आनंद नें अरोनियन को हराया

**एम्स्टर्डम ,नीदरलैंड।** भारत के पाँच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद नें एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड शतरंज में वापसी की है । क्लासिकल शतरंज से लंबे समय से दूर आनंद लगातार विश्वस्तर पर रैपिड शतरंज में नजर आ रहे है और इस बार वह लेवीटोव इंटरनेशनल शतरंज में दुनिया के नौ अन्य खिलाड़ियों के साथ डबल राउंड रॉबिन आधार पर



कुल 18 राउंड का टूर्नामेंट खेल रहे है । फिलहाल दो दिन के बाद कुल 9 राउंड खेले जा चुके है और आनंद 5.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर चल रहे है । नौ राउंड में आनंद नें अभी तक सिर्फ एक मुक़ाबला हारा है जबकि तीन जीत और पाँच ड्रॉ के शानदार परिणाम हासिल किए है । आनंद नें इस दौरान सबसे आगे चल रहे यूएसए के लेवोन अरोनियन और वेसली सो , रूस के यान नेपोमनिशी को पराजित किया है जबकि अजरबैजान के ममेद्यारोव , रूस के डेनियल डुबोव ,ब्लादिमीर क्रामनिक , इज़राइल के बोरिस गेलफंड और रूस के पीटर स्वीडलर से बाजी ड्रॉ खेली है , उन्हे एकमात्र हार रूस के अलेक्ज़ेंडर ग्रीसचुक से मिली । फिलहाल नेपोमनिशी और ग्रीसचुक 6 अंक बनाकर पहले स्थान पर चल रहे है ।

## एशियाई खेल : भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने जीता रजत पदक

**हांगझोउ ।** भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों में खाता खोलते हुए रविवार को महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुभवी मेहुली घोष, रमिता जिंदल और आशी चौकसी की तिकड़ी ने 1886 अंक हासिल करके दूसरा स्थान पाया। चीन ने 1896.6 अंक के साथ नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

भारत दस मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत पदक की भी दौड़ में है चूंकि मेहुली और रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल आज ही होना है । क्वालीफिकेशन दौर में 19 वर्ष की रमिता ने 631.9 स्कोर करके दूसरा स्थान हासिल किया जबकि मेहुली 630.8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही। चीन की तीनों निशानेबाज हान जिआयु, हुआंग युटिंग ओर वांग झिलिन फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं दक्षिण कोरिया की



ली युंसिओ, मंगोलिनया की जी नंदिनजाया और चीनी ताइपै की चेन चि ने भी फाइनल में प्रवेश किया। रमिता ने क्वालीफिकेशन दौर में छह सीरिज में 104.3, 106.7, 105.2, 104.3, 105.4 और 106 स्कोर किया। वह चीन की हान जियान के बाद दूसरे स्थान पर रही। जियान ने 634.1 स्कोर करके एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन में 630.8 अंक बनाए। उन्होंने 104.6, 105.7, 104.6, 105.1, 104.9 और 105.9 स्कोर किया। आशी चौकसी फाइनल में जगह नहीं बना सकी और 623.3 के स्कोर के साथ 28वें स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी का कुल स्कोर 1886.0 रहा जिससे उसे रजत पदक मिला।

## एशियाई खेल : भारत के पदकों का खाता खुला, रोइंग और महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता रजत

**हांगझू।** एशियाई खेलों में रविवार की सुबह भारत के लिये दोहरी खुशी लेकर आई। भारत ने आज दिन की शुरुआत दो रजत पदक के साथ की। मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में देश के लिए पहला पदक जीता।

व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, तिकड़ी ने कुल 1886.0 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। चीन ने 1896.6 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता,



जबकि मंगोलिया ने 1880.0 अंकों के साथ कांस्य पदक पक्का किया।

इसके अलावा रोइंग में भारत के अर्जुन लाल और अरविंद सिंह की जोड़ी ने पुरुषों की लाइट वेट डबल स्कल्स में 6ः28ः18 समय के साथ रजत पदक जीता।

चीन ने भारतीय जोड़ी से 5:02 सेकेंड तेज रहकर स्वर्ण पदक जीता।

वहीं, भारत की किरण और अंशिका भारती ने महिलाओं की लाइटवेट डबल स्कल्स में 9वें स्थान पर रहीं।

## इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीजन के लिए पंजाब एफसी की टीम घोषित

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग 2023-24 सीज़न के लिए अपनी 33 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पंजाब एफसी 2022-23 सीज़न में खिताब जीतने के बाद, आई-लीग से पदोन्नत होने वाली पहली टीम बनने के बाद इस साल के आईएसएल में पदार्पण करेगी। मुख्य कोच स्टाइकोसवेर्जेंटिस ने आईएसएल में पदार्पण के लिए एक ऐसी टीम चुनी है, जिसमें युवाओं और अनुभव का मिश्रण है। टीम में विदेशी लुका माजसेन, जुआन मेरा और किरण कुमार लिम्बु शामिल हैं, जिन्होंने आई-लीग के सफल अभियान के बाद अपने अनुबंध बढ़ाए थे और नए अनुबंध के तहत विल्मर जॉर्डन गिल, मादीहतालाल और दिमित्रियोसचात्ज़िसाईस को शामिल किया है। टीम में नए भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिनमें अमरजीत सिंह कियाम (ऋण पर), लियोन ऑगस्टीन, प्रशांत के. मोहन, मेलरॉय असीसी, निखिल प्रभु, नितेश दार्जी, किंग्सली फर्नांडिस, सैमुअल लिंगदोह किंशी, रिकी शाबोंग, रणजीत सिंह पांद्रे, मशूर शेरीफ, शिबिनराज कुन्नियिल और स्वीडन फर्नांडीस (ऋण पर) शामिल हैं। आई-लीग सीज़न के बाद दोबारा ये प्रतियोगिता खेलने वाले वाले सुरेश मैतेई भी टीम का हिस्सा हैं।

## रंगारंग कार्यक्रम के बीच 19वें एशियन गेम्स का आगाज, प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**हांगझू।** चीन के हांगझू में 19वें एशियाई खेलों का रंगारंग कार्यक्रम के बीच आगाज हुआ। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एशियन गेम्स के शुरुआत की घोषणा की। वहीं, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

एशियन गेम्स 2023 में भारत की ओर से पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ध्वजवाहक रहे। वैसे तो इन खेलों का आयोजन 2022 में होना था लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे 2023 में आयोजित किया जा रहा है। 'आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस' और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के तत्वों के



शानदार मिश्रण के साथ हांगझू में अनूठा उद्घाटन समारोह देखने को मिला। इस समारोह में भविष्य के मद्देनजर 'कार्बन रहित' आतिशबाजी की झलक दिखी। लगभग दो घंटे तक चले इस समारोह में नये युग में चीन, एशिया और दुनिया के अंतर संबंधों के साथ-साथ एशियाई लोगों की एकता, प्रेम और दोस्ती को दर्शाया गया। वहीं, समारोह में चीन की सांस्कृतिक विरासत, हजारों साल पुरानी सभ्यता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के मिश्रण को बेहद मनोहारी रूप में दिखाया गया।19वें एशियन गेम्स में 45 देश ले रहे हिस्सा रहे हैं। जो इस दौरान 40 खेलों और 61 स्पर्धाओं में 481 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि एशियन गेम्स में पहली बार ई स्पोर्ट्स को भी पदक वाले खेलों में शामिल किया गया है। वहीं भारत के 655 एथलीट कुल 39 स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे। एशियन गेम्स में सबसे अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस बार हांगझू में 12,000 भाग लेंगे। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक खेलों में लगभग 11,000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।

इस उद्घाटन समारोह में एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख थॉमस बाक, कई देशों के प्रमुख, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एशियाई खेल : अर्जुन-अरविंद को नौकायन में रजत, कॉक्स एट टीम दूसरे स्थान पर

**हांगझोउ।** भारतीय नौकायन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में रविवार को शानदार शुरूआत करते हुए दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। सुबह अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने पुरूष लाइटवेट डबल स्कल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला। भारतीय जोड़ी 6:28.18 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन के जुंजी फान और मान सुन ने 6:23.16 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उजबेकिस्तान के शखजोद नुरमातोव और सोबिरजोन सफरोलियेव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरूषों की कॉक्स एट स्पर्धा में भारत और चीन के बीच कड़ा मुकाबला था जिसमें भारतीय टीम 5:43.01 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 2.84 सेकंड से बाजी मारकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम में नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष शामिल थे। इंडोनेशिया को कांस्य पदक मिला। जापान और उजबेकिस्तान जैसे नौकायन के धुरंधरों की टीमें पाचवें और चौथे स्थान पर रही।

कॉक्सलेस पेयर में भारत के बाबूलाल यादव और लेख राम को कांस्य पदक मिला जिन्होंने 6:50.41 सेकंड का समय निकाला। हांगकांग चीन ने स्वर्ण और उजबेकिस्तान ने रजत पदक जीता। भारत ने नौकायन में 33 सदस्यीय दल भेजा है। अरविंद ने पदक जीतने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य स्वर्ण था लेकिन दो महीने पहले लगी चोट के कारण उनकी तैयारियां बाधित हुई।



उन्होंने कहा, 'हम 20.25 दिन अभ्यास नहीं कर सके क्योंकि मेरी कमर में चोट लगी थी।'

उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य पेरिस ओलंपिक 2024 में पदक जीतना है। उन्होंने कहा, 'अब हम पेरिस ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करेंगे और 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने की कोशिश करेंगे।' उनके साथी अर्जुन ने कहा, 'हमने स्वर्ण जीतने की पूरी कोशिश की। हमारे कोच ने कहा कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो। हम अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दोहरा सके जो हमने पुणे में आर्मी नोडल सेंटर में किया था।'

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ भाग्य का सहारा मिलने की उम्मीद

**गुवाहाटी।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड रविवार को गुवाहाटी स्थित अपने घरेलू मैदान इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार हाईलैंडर्स को पिछले सीजन की तुलना में अपने भाग्य के पलटने की उम्मीद होगी।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी (उपनाम - हाईलैंडर्स) के लिए पिछले साल का अभियान निराशाजनक रहा था क्योंकि उन्होंने 20 लीग मैचों में केवल एक जीत हासिल की थी। इस समय लीग के नौ मैचों में जीते नहीं हैं। हाईलैंडर्स को उम्मीद होगी कि मुम्बई के खिलाफ यह निराशाजनक सिलसिला खत्म हो जाए। उन्होंने आईएसएल की सभी टीमों की तुलना में शुरुआती दिन के मुकाबलों में सबसे अधिक हार (5) का सामना किया है। मुम्बई सिटी एफसी (उपनाम- आईलैंडर्स) ने पिछले सीजन में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ कुल सात गोल करके अपने दोनों मैच जीते थे। उन्होंने अपने पिछले 13 अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल दागे हैं, यह अविश्वसनीय रिकॉर्ड से उन्हें नए रंग-रूप वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हौसला देगा और वे इस पहलू को इस साल भी साबित करना चाहेंगे।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के लिए प्रज्ञान गोगोई मुख्य प्लेयर हैं। इस खिलाड़ी ने 75 फीसदी तक सटीक पासिंग करके पिछले सीजन में मैदान के सेंटर पर खेल का अपने हिसाब से चलाया था। मुम्बई के ज्यादातर हमले सेंटर से बनते हैं। आईलैंडर्स ने आईएसएल 2022-23 में सभी टीमों के बीच सबसे अधिक हमले थ्रू-बॉल (28) के जरिये किए थे। गोगोई नॉर्थईस्ट की बड़ी उम्मीद होंगे, क्योंकि वह मुम्बई के इस खेल में रुकावट डालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जबकि मुम्बई सिटी एफसी के लिए लालियानजुआला छांगटे पर नजर रहेगी। छांगटे ने हाल ही में खूब ख्याति अर्जित की है और वह इस मुकाबले में अपनी गोल करने की आदत पाने के लिए गुवाहाटी के इस मैदान में लौटेंगे। विंगर ने पिछले सीजन में भारतीय खिलाड़ियों के बीच अपेक्षित गोल (6.36) और बनाए गए वास्तविक गोल (10, यानी 3.63 × जी मान) के बीच सबसे अच्छा अंतर दर्ज किया। छांगटे इस अभियान में भी तुरंत लय पाने की उम्मीद कर रहे होंगे।

हेड-टू-हेडः

दोनों के बीच 18 मैच खेले गए हैं, जिसमें मुम्बई सिटी एफसी ने 9 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 5 जीत दर्ज की है। जबकि चार मुकाबले ड्रा रहे हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने आगामी सीजन के लिए अपनी टीम की तैयारी को पुख्ता बताया।

# अजरबैजान में शूटिंग कर रही नोरा फतेही



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही वर्तमान में विद्युत जामवाल स्टारर अपकमिंग फिल्म 'क्रेक-जीतेगा तो जिएगा' के लिए अजरबेजान में शूटिंग कर रही हैं। नोरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शूटिंग की कुछ झलक साझा कीं। एक वीडियो में नोरा को यह कहते हुए सुना जा सकता है, बाकू में शूटिंग का पहला दिन। यह नाइट शूट है और हम शुरुआत कर रहे हैं। बाकू बहुत प्यारा लग रहा है। यह एक प्यारी शांत जगह है। हम जितना संभव हो सके व्लॉगिंग कर रहे हैं।

बता दें कि बाकू अजरबेजान की राजधानी हैं। दूसरी क्लिप में, एक्ट्रेस को एक सहकर्मी के साथ एक कैफे में बैठकर गर्म ब्लैक टी पीते हुए देखा गया। उन्होंने लिखा, हम ब्लेक टी पीने के लिए सेट से भाग गए। उम्मीद है कि वे हमारी तलाश नहीं कर रहे होंगे। एक अन्य क्लिप में, वह अपने शूट शेड्यूल के बारे में व्लॉगिंग करते हुए देखी गई और कहा, मैं इसे डॉक्यूमेंट करने की कोशिश कर रही हूं। बाकू में दूसरा दिन और हम यहां हैं... शूटिंग कर रहे हैं।

'क्रेक – जीतेगा तो जिएगा' एक रोमांचकारी स्पोर्ट्स फिल्म है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। इसे सरीम मोमिन और रेहान खान ने लिखा है। इसमें अर्जुन रामपाल भी हैं।

# 'गदर 2' की सफलता पर भावुक हुये धर्मेंद्र



बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र अपने पुत्र सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' की सफलता पर भावुक हो गये और फैंस को धन्यवाद दिया है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार 522 करोड़ की कमाई कर ली है।धर्मेंद ,गदर 2 की सफलता पर भावुक हो गये हैं।धर्मेंद्र इन दिनों बेटे सनी देओल के साथ यूएस में टाइम स्पेंड कर रहे हैं। धर्मेंद्र ने एक्स (ट्विटर) पर अपनी फोटो शेयर करते हुए 'गदर 2' को प्यार देने के लिए फैंस को तहे दिल से शुक्रिया किया। धर्मेन्द्र ने लिखा,दोस्तों, किस्मत वाला होता है बाप वो...जिसका बेटा कभी बाप बन कर बच्चों से लड़ जाता है। सनी मुझे गदर 2 की सक्सेस को एंजॉय करने के लिए यूएस लेकर आया...दोस्तों आप सबकी गुड विशेज का शुक्रगुजार हूं कि आपने गदर 2 को ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाया।

# आमिर खान ने आपदा पडितों को 25 लाख रुपये किए दान

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने हिमाचल प्रदेश में आपदा से प्रभावित परिवारों को 25 लाख रुपये दान दिये है।हिमाचल प्रदेश में आई आपदा काफी नुकसान हुआ है। बड़ी-बड़ी इमारतें ढग गई हैं। इस आपदा से जिन



परिवार को भारी नुकसान पहुंचा है उनकी मदद के लिये आमिर खान आगे आये हैं। आमिर खान ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई आपातकालीन सहायता योजना, आपदा राहत कोष 2023 में 25 लाख रुपये का डोनेशन किया है।




# निमरत कौर ने प्रशंसकों को दिखाई गोल्डन वीकेंड की झलक

दलंचबॉक्स, 'एयरलिफ्ट', 'दसवीं' में अपनी भूमिकाओं के लिए पसंद की जाने वाली अभिनेत्री निम्रत कोर ने अपने प्रशंसकों को अपने ?गोल्डन वीकेंड? की एक झलक दिखाई। अभिनेत्री निम्रत कोर का जन्म राजस्थान के पिलानी में एक सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता एक भारतीय सेना अधिकारी थे। उनका परिवार पंजाब के पटियाला में रहता था और उन्होंने यादविन्द्रा पब्लिक स्कूल, पटियाला से पढ़ाई की। पंजाब की यात्रा पर गई निम्रत ने रविवार को अपनी यात्रा की एक झलक साझा की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर उत्तरी राज्य की एक रंगीन झलक दिखाई, जिससे उनके प्रशंसक उनकी तस्वीरों से आश्चर्यचकित रह गए।

उन्होंने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से तस्वीरें साझा कीं। निमरत ने मिनिमल मेकअप के साथ पिंक फ्लोरल सलवार सूट पहना था। कुछ तस्वीरों में वह मंदिर के सामने बैठी हैं । उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'सतनाम वाहेगुरु'। वह अमृतसर के केसर दा ढाबा में एक पंजाबी थाली का आनंद लेती हुई दिखाई देती हैं जिसमें नान, सरसों दा साग और रायता शामिल है। इंस्टाग्राम स्टोरीज में उन्होंने पंजाब की ब्यास नदी की झलक दिखाई। उन्होंने अपने ?नाश्ते? की भी एक झलक दी, जिसमें 'आलू पराठा, चाय, अचार और दही' था। तस्वीरों में वह 'गुरदासराम जलेबीवाला' और 'ए-वन कुल्फा' के सामने पोज देती हुई नजर आ रही हैं। अदिति राव हैदरी ने उनकी पोस्ट पर टिप्पणी की और लिखा, ?सुंदर।" अन्य प्रशंसकों ने भी उनकी पोस्ट पर टिप्पणी की। निम्रत को अभिषेक बच्चन और यामी गोतम अभिनीत फिल्म 'दसवीं' में बिमला देवी के रूप में देखा गया था। उन्हें वेब सीरीज 'स्कूल ऑफ लाइज' में नंदिता मेहरा के रूप में भी देखा गया था। निमरत की झोली में अगली बार ?हेप्पी टीचर्स डे? है।

# फिल्म इंडस्ट्री के स्टाइल आइकॉन थे फिरोज खान

फिल्म इंडस्ट्री में फिरोज खान को स्टाइल आइकॉन के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने नायक की परंपरागत छवि के विपरीत अपनी एक विशेष शैली गढ़ी जो आकर्षक ओर तड़क-भड़क वाली छवि थी। 25 सितंबर 1939 को बेंगलूरू में जन्में फिरोज खान ने बेंगलूरू के बिशप कॉटनब्वायज स्कूल और सेंट जर्मन ब्वायज हाई स्कूल से पढ़ाई की और अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आ गए।वर्ष 1960 में फिल्म दीदी में उन्हें पहली बार अभिनय करने का मौका मिला। इस फिल्म में वह सहनायक थे। इसके बाद अगले पांच साल तक अधिकतर फिल्मों में उन्हें सहनायक की भूमिकाएं ही मिलीं। जल्दी ही उनकी किस्मत का सितारा चमका और उन्हें 1965 में फणी मजूमदार की फिल्म ऊंचे लोग में काम करने का मौका मिला। इस फिल्म में फिरोज खान के सामने अशोक कुमार और राजकुमार जैसे बड़े कलाकार थे, लेकिन अपने भावप्रवण अभिनय से वह दर्शकों में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। वर्ष 1965 में ही फिरोज खान की एक और फिल्म आरजू प्रदर्शित हुई,



जिसमें राजेन्द्र कुमार नायक और साधना नायिका थीं। इस फिल्म में उन्होंने अपने प्रेम की कुबार्नी देने वाले युवक का किरदार निभाया। 1969 में उनकी फिल्म आदमी और इंसान प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म के लिए उन्हें फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहनायक का पुरस्कार मिला।फिरोज खान अपने भाई संजय खान के साथ भी कुछ फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें उपासना, मेला, नागिन जैसी हिट फिल्में शामिल हैं। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्म अपराध से फिरोज खान ने निर्माता-निर्देशक के रूप में अपनी पारी की सफल शुरुआत की। इसके बाद फिरोज खान ने धमार्त्मा, कुबार्नी, जांबाज, दयावान, यलगार, प्रेम अगन और जानशीं जैसी कुछ फिल्मों का निर्माण किया।फिल्म निर्माण और निर्देशन के क्रम में फिरोज खान ने हिन्दी फिल्मों में कुछ नयी बातों का आगाज किया। अपराध भारत की पहली फिल्म थी, जिसमें जर्मनी में कार रेस दिखाई गई थी। धर्मात्मा की शूटिंग के लिए वह अफगानिस्तान के खूबसरत लोकशनों पर गए। इससे पहले भारत की किसी भी फिल्म का वहां फिल्मांकन नहीं किया गया था। फिरोज खान ने अपने करियर की सबसे हिट फिल्म कुबार्नी से पाकिस्तान की पॉप गायिका नाजिया हसन के संगीत करियर की शुरआत करायी। फिरोज खान उन चंद अभिनेताओं में एक थे, जो अपनी ही शर्त पर फिल्म में काम करना पसंद करते थे। इस वजह से उन्होंने कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव ठुकरा दिए थे।

राजकपूर की फिल्म संगम में राजेन्द्र कुमार और आदमी फिल्म में मनोज कुमार वाली भूमिका के लिये उन्होंने मना कर दिया था। वर्ष 2003 में फिरोज खान ने अपने पुत्र फरदीन खान को लांच करने के लिये जानशीन का निर्माण किया। बॉलीवुड में लेडी किलर के नाम से मशहूर फिरोज खान ने चार दशक लंबे सिने करियर में लगभग 60 फिल्मों में अभिनय किया। फिरोज खान ने फिल्म निर्माण की अपनी विशेष शैली बनायी थी। फिरोज खान की निर्मित फिल्मों पर नजर डालें तो उनकी फिल्में बड़े बजट की हुआ करती थीं जिनमें बड़े-बड़े सितारे आकर्षक ओर भव्य सेट, खूबसूरत लोकेशन, दिल को छू लेने वाला गीत, संगीत और उम्दा तकनीक देखने को मिलती थी।अपने विशिष्ट अंदाज से दर्शकों के बीच खास पहचान वाले फिरोज खान 27 अप्रैल 2009 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

बहुरंग

# कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर हिंदी में रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर हिंदी में रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। कंगना इस फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में हैं। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म तमिल, हिंदी ,तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। अब इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'चंद्रमुखी 2' के हिंदी ट्रेलर में सबसे पहले एक शख्स चंद्रमुखी के 17 साल पहले की कहानी एक परिवार को बताते हुए दिखाई देता है। इस ट्रेलर में कंगना की सिर्फ एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद एक्शन के साथ राघव लॉरेंस की एंट्री होती है, जो इस परिवार को चंद्रमुखी से बचाएगा। इस ट्रेलर में कंगना, राजा वेट्टैयन के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका में दिखाई दे रही हैं।फिल्म 'चंद्रमुखी 2' 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




दिलचस्प

# नाना पाटेकर ने बताया एक्टर होने का फायदा

दिग्गज स्टार नाना पाटेकर, जो आगामी फिल्म 'द वेक्सीन वॉर' में नजर आएंगे, का कहना है कि अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि उनके पास केमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। दिल्ली में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए नाना ने अभिनेता होने के फायदे बताए। उन्होंने कहा,एक अभिनेता होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि हमारे पास केमरे की मदद से अपनी निराशा को बाहर निकालने का एक तरीका है। अगर मेरे पास यह माध्यम नहीं होता तो मैं पागल हो गया होता। वैसे भी मुझे पागल कहा जाता है। ये हमारे लिए बहुत बड़ा माध्यम है। नाना से साउथ की फिल्मों में काम करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'काला' मैंने हिंदी में की थी और फिर तमिल में डब किया था। वे 2-3 लाइनें चाहते थे और मैंने कहा कि मुझे और लाइनें डब करने दीजिए और इस तरह हमने पूरी फिल्म बनाई। बात यह है कि आप डब कर सकते हैं लेकिन भाषा आपकी नहीं है, इसलिए अभिव्यक्ति नहीं आएगी और यही वजह है कि मैं ऐसा नहीं करता। विवेक रंजन अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित, 'द वेक्सीन वॉर' में पल्लवी जोशी, अनुपम खेर, राइमा सेन और सप्तमी गोड़ा भी हैं।



# फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' से जुड़ना चाहता था: अनुपम खेर



विवेक अग्निहोत्री निर्देशित नई फिल्म 'द वेक्सीन वॉर' में अभिनेता अनुपम खेर भारत में कोविड-19 महामारी के चरम के दौरान आईसीएमआर द्वारा कोवेक्सिन के उत्पादन को देखते हुए स्पेशल अपीयरेंस में केबिनेट सचिव की भूमिका निभाएंगे। अपने एक्स को संबोधित करते हुए, अभिनेता ने लिखा: 'द वेक्सीन वॉर' भारत का आत्मनिर्भर सनातन धर्म है। अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए उन्होंने आगे कहा, जब विवेक अग्निहोत्री 'द वेक्सीन वॉर' बना रहे थे तो उसमें मेरी कोई खास भूमिका नहीं थी। यह मुख्य रूप से एक महिला वेज्ञानिकों की फिल्म है जिसमें एकमात्र पुरुष नायक की भूमिका नाना पाटेकर ने निभाई है। मैं इस महत्वपूर्ण फिल्म से जुड़ना चाहता था। विवेक ने मुझे स्पेशल अपीयरेंस के रूप में केबिनेट सचिव की भूमिका की पेशकश की! फिल्म का हिस्सा होने पर गर्व है। दुनिया भर में 28 सितंबर को रिलीज हो रही है! जय नारी शक्ति, जय हो! उन्होंने केबिनेट सचिव के रूप में अपने स्पेशल अपीयरेंस की एक छोटी सी झलक भी पोस्ट की, जहां उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है: अब जब एक बार फिर भारत के दुश्मन देश को अंदर से तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह हम पर निर्भर है कि हम केसे कारंवाई करते हैं। क्या हम खुद को ब्लेकमेल होकर समर्पण करने देते हैं, या क्या हम खुद पर विश्वास करते हैं और आत्मनिर्भर बन जाते हैं। बड़ी सावधानी, गति, सतर्कता और धेर्य के साथ, हमें 6,000 भारतीयों को टेस्टिंग के लिए वापस लाना होगा। यह आत्मनिर्भरता ही सनातन है।

# योग को घर-घर पहुंचाने बनेंगी ग्राम एवं वार्ड योग समितियां जिला व विकासखंड योग समिति गठित

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। योग को घर घर तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश योग आयोग ने जिला और विकासखंड स्तरीय योग समिति का गठन किया है। इन समितियों का मध्य प्रदेश योग आयोग भोपाल द्वारा पंजीयन भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश योग आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार श्री पुष्पेंद्र शर्मा को अध्यक्ष, संजय यादव को उपाध्यक्ष तथा नेहा पटेल को जिला योग समिति ग्वालियर का कोषाध्यक्ष बनाया गया है इसके अलावा सुधीर कुशवाह,विनय गोर,महेश खंडेलवाल,मुकुल गुप्ता,पियूष गुप्ता,अनिल कुशवाह दीपा अमरपुरी तथा विभा यादव को सदस्य बनाया गया है। मध्य प्रदेश शासन योग आयोग के आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारीश्री अजय कटियार समिति के पदेन सचिव तथा जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर पदेन सहसचिव रहेंगे। आज मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केंद्र (शासकीय इंजीनियरिंग हाई स्कूल) में श्री पुष्पेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला योग समिति की बैठक में जिले में गठित समस्त विकासखंड योग समितियों का अनुमोदन किया गया जिला योग प्रभारी एवं पदेन सह सचिव दिनश चाकणकर ने बताया कि मुरार विकासखंड में शैलेन्द्र श्रीवास्तव को अध्यक्ष तथा गोपाल सिंह को उपाध्यक्ष ,घाटीगांव विकासखंड में संजय शर्मा अध्यक्ष तथा विनोद पाठक उपाध्यक्ष भितरवार विकासखंड में वेदप्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष तथा अश्विनी यादव को उपाध्यक्ष और डबरा में ब्रह्मस्वरूप शर्मा अध्यक्ष तथा जनक सिंह रावत को उपाध्यक्ष बनाया गया है ,इन योग समितियों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन सचिव तथा विकासखंड योग प्रभारी पदेन सह सचिव होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारी,बीआरसीसी विकासखंड योग प्रभारी के समन्वय से 25 सितंबर तक ग्राम एवं वार्ड योग समितियों का गठन अनिवार्य रूप से कर ले.। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कटियार ने बताया कि मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केंद्र का संचालन जिला योग प्रभारी व जिला योग समिति के माध्यम से किया जाएगा जिसमे विकासखंड योग समिति ग्राम एवं वार्ड योग समितियों के सदस्यों को योग प्रशिक्षण देकर शासन की मंशा के अनुरूप जिले के अंतिम गांव और प्रत्येक घर-आंगन में योग कक्षाएं संचालित की जाएँगी।

## एक नजर...

### जैतवारा थाना अंतर्गत किटहा में खंडित की गई बजरंगबली की मूर्ति

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**





सतना जिले के जैतवारा थाना अंतर्गत किट हा में तालाब के पास विराजित हनुमान जी की मूर्ति को अज्ञात लोगों के कारण खंडित कर खेत में फेंक दिया गया है सूचना मिलते ही जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया मूर्ति खंडित किए जाने की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के भी लोग पहुंचे मामला धर्म को लेकर के था कहीं कोई अशांति ना निर्मित हो जाए इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कोटर थाना प्रभारी सभापुर थाना प्रभारी कोठी थाना प्रभारी को घटना स्थल पर भेजा साथ ही सूचना मिलते ही एसडीएम मझगवा जितेंद्र वर्मा तहसीलदार जैतवारा परमानंद तिवारी भी मौके पर पहुंचे हालांकि जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य एवं उपनिरीक्षक विजय सिंह के सूझबूझ में मामला शांतिपूर्ण रहा राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों एवं ग्रामीण जनों के समंजन से थाना प्रभारी जैतवारा ने बजरंगबली की नई मूर्ति मंगवा कर उसी जगह स्थापित करवाया जहां पर पहले से मूर्ति विराजित थी जैतवारा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी हैं

### अतिथि शिक्षकों के शिकायतों के निवारण हेतु शिविर आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र ने बताया कि अतिथि शिक्षकों की शिकायतों का निवारण करने हेतु शिविर 26 सितंबर 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में समय 12:00 बजे आयोजित की जावेगी। शिविर प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला भिण्ड शिविर में उपस्थित होकर शिकायत का निराकरण करेंगे। अतः शिविर में शिकायतकर्ता एवं सम्बन्धित संकुल प्राचार्य समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

### मादक पदार्थ विक्रेता एवं उसके सहयोगी को सभापुर पुलिस गिरफ्तार कर भेजी जेल

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के निर्देशन मे एवं श्रीमान अत्तिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सभापुर निरी.रावेद्र द्विवेदी के नेतृत्व मे निम्नानुसार कार्यवाही की गयी।
दिनांक 25.09.2023 को विश्वसनीय मूखबीर सूचना प्राप्त हुई कि कटरा टोला निवासी कृष्ण कुमार द्विवेदी अपने सहयोगी राजेश वर्मा के साथ एक झोले मे गांजा लिये मोटरसायकल से मझगवा तरफ से बिरसिंहपुर आ रहा है। मुखबीर सूचना तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम रवाना की गयी । चकरा नाला के पास आरोपी जैसे ही पुलिस को देखे भागने का प्रयास किये जिन्हे तत्काल घेराबंदी कर पकडा गया एवं आरोपी के झोले की तलासी ली गयी जो आरोपी के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुयी। मौके पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये आरोपीगण कृष्ण कुमार द्विवेदी एवं राजेश वर्मा दोनो निवासी बिरसिंहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।
जप्ती 01 किलो 100 ग्राम गांजा एवं 01 नग मोटरसायकल
**गिरफ्तार आरोपीगण**–1.कृष्ण कुमार द्विवेदी पिता शिवधारी द्विवेदी उम्र 35 वर्ष
2.राजेश वर्मा पिता जितेंद्र सिंह पिता नरोतम सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी बधानटोला बिरसिंहपुर थाना सभापुर जिला सतना
**सराहनीय भूमिका**– निरी.रावेंद्र द्विवेदी, उनि.अजय शुक्ला, उनि.देवेंद्र झारिया, प्र.आर. आशीष तिवारी, प्र.आर. प्रिंस गर्ग, आर. शहंशाह खान, आर. प्रशांत यादव, सैनिक अंकित शुक्ला।

# गोहद तहसील कार्यालय में ओलावृष्टि की मुआबजा में हेरा फेरी करने के मामले में तीन पटवारी पर हुई फिर 12 पटवारी निलंबित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। तहसील कार्यालय में ओलावृष्टि का मामला काफी दिनों से गर्मी हुआ है जिसमें कार्रवाई करते हुए तीन पटवारी के खिलाफ फिर दर्ज की गई है जानकारी के अनुसार नरेश शर्मा तहसीलदार गोहद ने वर्ष 2020 में हुई ओलावृष्टि की राहत राशि में घपला करते हुए गलत लोगों के खातों में राशि आवंटित कर दी गई थी जिस मामले में जांच चल रही थी जांच के उपरांत तहसीलदार गोहद द्वारा संजीव दीक्षित पटवारी गोहद तहसील रामनिवास लोहिया पटवारी तहसील गोहद संजय सडानिया पटवारी तहसील गोहद के खिलाफ धारा 420 120 बी आईपीसी का मामला दर्ज किया है वही 12 अन्य पटवारी को निलंबित किया है वर्ष 2020 में हुई ओलावृष्टि में कई रसूक तारों के खातों में पटवारी द्वारा




फर्जीवाड़ा करते हुए किसानों का पैसा डाल दिया था जिसकी जांच 3 वर्षों से चल रही है वहीं विधानसभा में भी नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाया गया जिसमें कार्रवाई करते हुए तीन पटवारी पर जलसा जी का मामला दर्ज हुआ है वहीं अफजल पुत्र फजल रहमान रामवीर पुत्र मुन्ना लाल बघेल राजकुमारी पुत्री रामरतन जाटव भगवती पुत्र पति राम बाथम बृजेश श्रीवास एवं परशुराम लहरिया द्वारा तहसील कार्यालय में फर्जी नियुक्ति कर तहसील कार्यालय में चार लाख 61000 का गवन किया जिस पर गोहद पुलिस ने तहसीलदार नरेश शर्मा की फरियाद पर उक्त सभी लोगों के खिलाफ धारा 420 आईपीसी का मामला दर्ज कर लिया है

**इनका कहना है**

वर्ष 2020 में ओलावृष्टि हुई थी जिसका मुआवजा दूसरे खातों में पहुंच गया था जिसकी शिकायत की जांच चल रही थी शिकायत की जांच पर तीन पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है वही 22 सितंबर को 12 पटवारी निलंबित किए गए हैं वहीं दूसरे मामले में फर्जी नियुक्ति कर 4लाख 61हजार का गवन किया गया था जिसमें 6 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया है।

**नरेश शर्मा तहसीलदार गोहद**



### आगामी त्यौहारों को देखते हुए थाना जैतवारा में हुई शांति सभा की बैठक

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

आगामी त्योहारों के मद्देनजर जैतवारा थाना परिसर में जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य की उपस्थिति में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक, आगामी त्यौहार ईद मिलादुन्नबी के जुलूस एवं गणेश विसर्जन के संबंध में चर्चा कर थाना प्रभारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, निर्धारित विसर्जन स्थल पर गणेश विसर्जन किये जाने के निर्देश। बैठक में थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य नगर परिषद उपाध्यक्ष बृजेश प्यासी नगर परिषद उपयंत्री आनंद त्रिपाठी सत्य प्रकाश द्विवेदी उप निरीक्षक विजय सिंह सहायक उप निरीक्षक आरपी वर्मा प्रधान आरक्षक दयाराम प्रधान आरक्षक ऋषि द्विवेदी अभिलाष सिंह सेलेंद्र सिंह राहुल सिंह जितेंद्र सिंह पत्रकार राजेश तिवारी सहायक उप निरीक्षक मनोकामना प्रसाद विजय शंकर राय सहित गढ़ मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रूपवास गांव में देवझूलनी एकादशी एवं गणपति प्रतिमा विसर्जन आयोजन किया

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**



**पाली राजस्थान।** रूपावास गांव में श्री चारभुजा ठाकुरजी मंदिर परिसर मे देवझूलनी एकादशी का उत्सव के साथ कार्यक्रम किया गया।जिसमे मंदिर पुजारी भगवान दास,व बाबुदास वैष्णव के साध्य मे व ग्रामीण श्रद्धालुओं भक्तो ने विधि - विधान मंत्राच्चारो से आरती पुजा आराधना कर ठाकुरजी की रेवाडी सोलह श्रृंगार सजाकर ढोल नगाड़ा, गाजे बाजे ,पुष्प वर्षा, जयकारे लगाकर भजन कीर्तन व मंगलम गीत गाते नत्य के साथ तालाब के किनारे पहुंचकर भगवान ठाकुरजी को अमृत-जल से नहलाकर वही उसके साथ में धुम-धाम से गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया । इस मौके पर समाज सेवी देवेन्द्र पटेल, हरिभाई पटेल, बुद्धाराम, भीमाराम, मांगीलाल,शंकरलाल, गिरधारी लाल सोलंकी, ढलाराम ,कैलाश चेनाराम , तुलसाराम भाटी, नारायण सुथार, पुखराज, जालमसिंह मालवी नरसिंह राम चौथाराम, शिवदत्त सिंह, लालसिह,प्रभु सिंह चारण, सोहन गेनाराम भुरिया, प्रकाश सैन, सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत आवेदन 30 तक किए जा सकते हैं

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले के सभी अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों हेतु 10 हजार से 1 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु योजना चालू की गई है। जिस पर 7 प्रतिशत व्याज अनुदान का लाभ प्रदाय किया जाएगा। योजना में आवेदन करने हेतु आवेदक भिण्ड जिले के मूल निवासी हो, अनु. जाति वर्ग का होना चाहिए, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा, उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, आयकरदाता न होकर केन्द्र/राज्य शासन की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, शासकीय/ अशासकीय सेवा में न हो, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या वित्तीय संस्था का डिफॉल्टर न हो। इच्छुक एवं पात्र हितग्राही पोर्टल से 30 सितम्बर 2023 तक ऋण हेतु आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित भिण्ड से संपर्क करें।

### 111 पत्रकार और समाजसेवियों का हुआ सम्मान समारोह संपन्न मौजूद रहे करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। करणी सैनिकों के द्वारा प्रदेश कार्य समिति बैठक एवं सम्मान सम्मान समारोह ग्वालियर की पावन धरा सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में भव्य पूर्ण एवं गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूरजपाल अम्मू उपस्थित रहे। अतिथियों के रूप में राष्ट्रीय एवं प्रदेश की पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे मंच का संचालन करणी सेना के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह पवैया के द्वारा किया गया। प्रदेश कार्य समिति बैठक में पदाधिकारी के साथ प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी ने भी शिरकत की करणी सैनिकों को संबोधित करते हुए आप सभी करणी सैनिकों का प्रदेश कार्य समिति बैठक एवं सम्मान समारोह में स्वागत वंदन अभिनंदन है उनके द्वारा श्री अम्मू के द्वारा बोलते हुए हिंदुत्व के खिलाफ बात करने वालों को ललकार एवं कहा कि जो भी हिंदुत्व के खिलाफ बातें करेगा करनी सेना उसको करारा जवाब देगी कार्य समिति बैठक के बाद भव्य पूर्ण एवं गरिमामय तरीके से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस सम्मान समारोह में 111 से अधिक पत्रकार बंधु एवं समाजसेवी एवं श्रेष्ठ विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। मंच से बोलते हुए सूरजपाल अम्मू ने हिंदुत्व के खिलाफ बोलने वाले को चेताया कि करणी सेना अगर सम्मान भी करना जानती है तो जो हिंदुओं के या हिंदुत्व के खिलाफ बोलेगा उनको सबक सिखाना भी जानती है उनके द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को करणी सेवा में कैसे और किस तरीके से कार्य करना है यह भी बतलाया कार्यक्रम समापन के बाद करणी सेना के पदाधिकारी की विशेष बैठक लेकर आगे के कार्य को मार्गदर्शन किया कार्यक्रम में पधारे हुए पत्रकार बंधु एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का आभार शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं संभागीय अध्यक्ष करणी सेना के सरनाम सिंह तोमर के द्वारा किया गया उपस्थित रहे उपेंद्र सिंह परमार जिला अध्यक्ष ग्वालियर प्रदेश अध्यक्ष पवन भदोरिया मध्य प्रदेश युवा प्रदेश अध्यक्ष संतोष भदौरिया किसान शक्ति राष्ट्रीय संगठन मंत्री स्वतंत्र पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष व्यापार शक्ति राजीव बादवाज खेल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मुरारी सिंह राजपूत मध्य प्रदेश युवा शक्ति प्रभारी सोनू तोमर आने को करणी सैनिक उपस्थित रहे।

# प्रदेश नायक महासभा के आह्वान पर जयपुर में आज जन जातिय अधिकार महापंचायत विद्यानगर स्टेडियम में हुई संपन्न

## लाखों की संख्या में पहुंचे प्रदेश भर से नायक समाज के लोग तो वही अन्य राज्यों से भी नायक समाज के लोग पहुंचे महापंचायत में समाज को एकजुट होने का नारा दिया गोगा देवी नायक ने






**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

राजस्थान। रायसिंहनगर,जयपुर राजस्थान प्रदेश नायक महासभा के आह्वान पर जयपुर के विद्यानगर स्टेडियम में जन जातिय अधिकार महापंचायत आज हुई संपन्न देश में प्रदेश के कोने-कोने से नायक समाज के लोग लाखों की संख्या में पहुंचे विद्यानगर स्टेडियम जयपुर में जिसकी अध्यक्षता प्रदेश नायक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवरलाल वर्मा ने की जिन्होंने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा की काफी वर्षों से हमारा समाज दो भागों में बांटा हुआ है जिसको लेकर लोकसभा व विधानसभा में कई दफा जनप्रतिनिधियों के द्वारा मांग भी उठाई गई थी कि हमारी इस जाति को पोर्टल में नायक व नायिका दो भागों में बांट दिया है जिसको लेकर हमारा समाज पिछले काफी सालों से पोर्टल में सुधार कर हमें एक जाति में रखा जाए वह जाती है नायक जिसको अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित कर अनुसूचित जनजाति अधिकार दिया जाए और हमारी मांग है कि जल्द से जल्द राज्य सरकार हमारी मांग पर अमल करते हुए समय यह हमारा अधिकार दिया जाए इस मौके पर भारी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए जिनमें मुख्य वक्ता रूप में समाज के संघर्ष समिति के अध्यक्ष हेमंत नायक, व श्री गंगानगर महिला कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक प्रहलाद नायक मूखराम नायक छतरगढ़, शिमला नायक , सीता राम नायक आर,एल पी उपाध्यक्ष, आईएएस पूर्व रक्षा सचिव भारत सरकार राजेन्द्र नायक, फूल सिंह पूर्व एस आई, राजस्थान पूलिस, ओमप्रकाश लूनकरणसर, राकेश नायक सूरतगढ़, सरपंच मोटन दास घड़साना, प्रेम नायक श्री गंगानगर, जसराज डागला हनूमानगढ, कृष्ण लाल नायक न्यू दिल्ली, लाखनसिंह बून्दी, बाबू भाई गूजरात अहमदाबाद,आदि लोगों ने महापंचायत को संबोधित किया वही संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जो राजनीतिक पार्टी हमारे समाज के लोगों को टिकट देकर चाहे वह बीजेपी हो या फिर कांग्रेस हमारा प्रतिनिधि विधानसभा भेजने में मदद करेगा हमारा समाज उसे पार्टी को वोटो के वक्त हर संभव सहयोग करेगा क्योंकि दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों दो संविधान सभा सीटों में से हमारे नायक समाज को एक भी टिकट पिछले विधानसभा में नहीं दिया जिसके चलते हमारा समाज राजनीतिक में पीछड रहा है परंतु अबकी बार ऐसा नहीं होने देंगे जो राजनीतिक पार्टी हमारे समाज के व्यक्ति को टिकट नहीं देगी हम उसका बहिष्कार करेंगे जिसके चलते हमारा समाज एकजुट होकर समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति को आगे बढ़ाएंगे इसी नारे के साथ जन अधिकार हमारा हक है इसे हम लेकर रहेंगे सब एक हैं और एक रहेंगे कार्यक्रम में इन्द्र देव भी मेहरबान हूए और जमकर बरसें और तूफ़ान भी आया जिसने टेंट को उखाड़ दिया एक तो अफरातफरी का माहोल हो गया था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478